हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, मंगलवार 4 मार्च 2025
[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

## दो हजार सीटर आडिटोरियम, बाढ़ नियंत्रण के लिए 140 करोड़, चौकी एनीकट से मोहारा तक पानी लाने 150 करोड़ स्वीकृत

# बजट विशेष: 2 फोरलेन सड़क के लिए आठ सौ करोड़, धर्मनगरी में 21 करोड़ से बनेगा वाय-शेप ब्रिज, प्रयास-नालंदा परिसर भी स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

*प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश कर दिया है। इस बजट में अविभाजित राजनांदगांव जिले को भी ढ़ेरों सौगातें मिली है। आठ सौ करोड़ रुपए की लागत से जहां राजनांदगांव-खैरागढ़-डोंगरगांव के बीच दो फोरलेन सड़कें बनाई जाएगी। वहीं धर्मनगरी डोंगरगढ़ में 21 करोड़ की लागत से वाय-शेप ब्रिज बनेगा।*

*इसके साथ ही पांच सौ सीटर प्रयास विद्यालय, नालंदा परिसर की तर्ज पर आधुनिक लाईब्रेरी, उद्योग कार्यालय का नया भवन, राजनांदगांव जिले में ड्रग तस्करी के खिलाफ मुहिम को तेज करने के लिए एंटी ड्रग यूनिट की स्थापना की जाएगी। इसके अलावा भी कई छोटी-बड़ी घोषणाएं बजट के दौरान वित्त मंत्री द्वारा की गई है। ज्ञात हो कि बजट में ही शहरी विकास के लिए, ग्रामीण विकास के लिए भी अलग से फंड स्वीकृत किया गया है। जिसके जरिये भी जिले के शहर और गांव में विकास कार्य कराए जाएंगे।*

### बजट में इन कामों को भी मिली स्वीकृति

- शहर में दो हजार सीटर क्षमता वाला नया आडिटोरियम बनाया जाएगा
- शिवनाथ नदी में ग्राम बाकल से भर्रेगांव तक नदी के दोनों ओर बाढ़ नियंत्रण कार्य के लिए 140 करोड़ की स्वीकृति
- पार्रीनाला से गढुला तक बायपास बनाया जाएगा, 21 करोड़ स्वीकृत
- चौकी एनीकट से मोहारा एनीकट तक पानी लाने के लिए पाईप लाइन बिछाने के लिए 150 करोड़ रुपए स्वीकृत
- केसीजी जिले के लमती फीडर जलाशय एवं नहरों का निर्माण कार्य के लिए 229 करोड़ रुपए की स्वीकृति
- केसीजी जिले के कुकरापाट जलाशय एवं नहरों के निर्माण कार्य के लिए 179 करोड़ रुपए किया गया स्वीकृत

### चहुंमुखी विकास होगा




जिले में शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल, इंफ्रास्ट्राचर के कई नए काम स्वीकृत किए गए हैं। इससे जिले को विकास की नई दिशा मिलेगी।

- **डॉ. रमन सिंह,** विधानसभा अध्यक्ष

### राजनांदगांव से खैरागढ़ और डोंगरगांव के बीच बनेगी फोरलेन सड़क, हादसों में आएगी कमी!

**राजनांदगांव।** अविभाजित राजनांदगांव जिले में जिन दो मार्ग पर सर्वाधिक सड़क हादसे देखने को मिलते रहे हैं, अब उन सड़कों को दुरूस्त करने का काम किया जाएगा। सोमवार को पेश किए गए प्रदेश सरकार के बजट में राजनांदगांव से डोंगरगांव और राजनांदगांव से खैरागढ़ के बीच दो फोरलेन सड़क को स्वीकृति मिल गई है। करीबन 55 किलोमीटर की इन दो सड़कों के लिए आठ सौ करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वहीं काम शुरू करने के लिए 160 करोड़ रुपए जारी किए गए है। उल्लेखनीय है कि राजनांदगांव से खैरागढ़ जाने वाले मार्ग एवं राजनांदगांव से डोंगरगांव जाने वाले इन दो रास्तों में ही सर्वाधिक सड़क हादसे देखने को मिलते रहे हैं। इन दोनों ही सड़कों के चौड़ीकरण की लंबे समय से मांग हो रही थी। ऐसे में इस बीच प्रदेश सरकार द्वारा इसके स्वीकृत किए जाने से अविभाजित जिले के लोगों को काफी राहत मिलेगी। इस राशि से जिले को इन्फ्रास्ट्रक्चर में मजबूती मिलेगी। इसी के साथ ही आवागमन में भी सुविधाएं मिलेगी। इन दोनों ही सड़कों के किनारे बसे दर्जनों गांव के व्यापारियों को भी इसका सीधा फायदा मिलेगा।

### प्रयास विद्यालय: पांच सौ बच्चों को मिलेगी नीट-जेईई जैसी परीक्षा की ट्रेनिंग



**राजनांदगांव।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट में राजनांदगांव जिले को एक बड़ी सौगात प्रयास विद्यालय के रूप में मिली है। मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय योजना के तहत राजनांदगांव जिला मुख्यालय में भी पांच सौ सीट विद्यालय बनाया जाएगा। खास बात यह है कि इसमें 9वीं से 12वीं के बच्चों को शालेय शिक्षा के साथ ही नीट, जेईई, एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षा के लिए विशेष रूप से ट्रेनिंग दी जाती है।उल्लेखनीय है कि स्थानीय विधायक और विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने राजनांदगांव जिले में प्रयास विद्यालय खोले जाने की मांग रखी थी। जिसके बाद इसको स्वीकृति देते हुए प्रदेश सरकार ने पांच सौ सीटर विद्यालय की मंजूरी दे दी है। मिली जानकारी के अनुसार गौरवपथ स्थित एजुकेशन हब की ही बिल्डिंग में प्रयास विद्यालय का संचालन किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार प्रयास में दाखिले के लिए प्राक्चयन परीक्षा ली जाती है।

**राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा के लिए तैयार किए जाएंगे होनहार :** प्रयास विद्यालय के जरिये 9वीं से 12वीं के मध्य अध्ययनरत विद्यार्थियों को शालेय शिक्षा के साथ ही प्रतियोगी परीक्षा की ट्रेनिंग दी जाती है। इसके जरिये मेडिकल, इंजीनियरिंग, सीए, सीएस, सीएमए, क्लैट के साथ ही एनडीए की प्रतियोगी परीक्षा में सफल होने के लिए तैयारी कराई जाती है। राजनांदगांव जिले में भी पांच सौ सीटर यह विद्यालय खोला जा रहा है।

### धर्मनगरी को मिली 80 करोड़ की सौगात परिक्रमा मार्ग सहित बनेगा वाय-शेप ब्रिज

**राजनांदगांव।** इस बार के बजट में राजनांदगांव जिले की धर्मनगरी डोंगरगढ़ को भी दो बड़ी सौगात मिली है। धर्मनगरी में प्रदेश सरकार करीबन 80 करोड़ रुपए खर्च करेगी। इनमें 59 करोड़ की लागत से प्रसाद योजना के तहत परिक्रमा पथ बनाया जाएगा। वहीं 21 करोड़ रुपए की राशि वाय-शेप ब्रिज के लिए स्वीकृत की गई है।

मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि इसको लेकर लगातार सरकार से मांग की जा रही थी। नए ओवरब्रिज के बनने से न केवल मंदिर मार्ग पर वाहनों का दबाव कम होगा, बल्कि श्रद्धालुओं की आवाजाही भी सुरक्षित और सुविधाजनक हो जाएगी। इससे हादसों की संभावना भी कम होगी। वर्तमान में मंदिर के सामने से भारी वाहनों की आवाजाही के कारण अक्सर जाम की स्थिति बनती है। जिससे श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। यह परियोजना मंदिर क्षेत्र की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने में मददगार साबित होगी। वाय-शेप ओवरब्रिज और मंदिर कॉरिडोर के निर्माण से डोंगरगढ़ का धार्मिक और पर्यटन महत्व बढ़ेगा। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढ़ावा मिलेगा। साथ ही श्रद्धालुओं को दिव्य दर्शन का अनुभव मिल सकेगा। इस सौगात से भक्तों को काफी राहत मिलने वाली है। बताया गया कि वाय-शेप ब्रिज गौशाला से लेकर नीचे मंदिर रेलवे क्रॉसिंग तक बनाया जा सकता है। वाय-शेप ब्रिज बनने से नवरात्र पर्व में ट्रैफिक समस्या से सबसे बड़ी निजात मिलेगी। वहीं अंडरब्रिज व नीचे मंदिर के सामने से भारी वाहनों की आवाजाही कम हो जाएगी। ओवरब्रिज से बड़े वाहन सीधे शहर से बाहर निकल जाएंगे।

## नांदगांव, डोंगरगांव, अं. चौकी, खैरागढ़ और छुईखदान जनपद शामिल

# पांच जनपद में आज चुने जाएंगे अध्यक्ष उपाध्यक्ष, महिलाओं को मिलेगी कमान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव निपटने के बाद अब शपथ ग्रहण और अध्यक्ष-उपाध्यक्ष की चयन प्रक्रिया शुरू हो गई है। अविभाजित राजनांदगांव जिले की पांच जनपद में आज अध्यक्ष और उपाध्यक्ष चुने जाएंगे। खास बात यह है कि सभी पांच जगह पर महिलाओं के हाथों कमान होगी। इन पांच जनपद में राजनांदगांव, डोंगरगांव, अंबागढ़ चौकी, छुईखदान और खैरागढ़ जनपद शामिल हैं।

ज्ञात हो कि त्रि-स्तरीय पंचायत चुनाव के तहत इन सभी पांच जनपद में भाजपा समर्थित प्रत्याशियों की संख्या अधिक है। ऐसे में इनमें भाजपा का अध्यक्ष बनना लगभग तय माना जा रहा है। हालांकि कांग्रेस भी सभी पांच जनपद में अपने प्रत्याशी उतारने वाली है। इधर भाजपा ने पर्यवेक्षकों के जरिये इन जनपद में बैठक कर सभी नवनिर्वाचित सदस्यों से चर्चा कर नाम भी तय कर लिए हैं। बताया जा रहा है कि सभी पांच जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के चयन को लेकर नाम का ऐलान आज ही किया जाएगा।

### खास बातें

- अध्यक्ष के बाद उपाध्यक्ष पद को लेकर होगा चुनाव
- बहुमत नहीं होने पर भी कांग्रेस उतारेगी प्रत्याशी




### एसटी, एससी या ओबीसी उपाध्यक्ष

ज्ञात हो कि शासन के निर्देश अनुसार जिन जनपद पंचायत में सामान्य वर्ग से अध्यक्ष बनेगा, वहां पर उपाध्यक्ष ओबीसी, एसटी या एससी वर्ग से ही चुना जाएगा। आज होने वाले पांच जनपद में से राजनांदगांव में अध्यक्ष पद महिला अनारक्षित, डोंगरगांव एसटी महिला, अंबागढ़ चौकी एसटी महिला, छुईखदान ओबीसी महिला और खैरागढ़ जनपद अध्यक्ष पद महिला अनारक्षित के लिए रिजर्व है।

**इन नामों की चर्चा :** पार्टी सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आज होने वाले अध्यक्ष चुनाव में राजनांदगांव में जनपद अध्यक्ष के लिए प्रतिमा चंद्राकर एवं पूर्णिमा साहू के नाम हैं। ऐसे ही डोंगरगांव में रंजीता पटौदी, खैरागढ़ में राजेश्री त्रिपाठी, छुईखदान में ज्योति जंघेल और अंबागढ़ चौकी जनपद में अध्यक्ष बनने को लेकर जोरदार होड़ देखने को मिल रही है।

### कल डोंगरगढ़-छुरिया में चुनाव

आज पांच जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन होने के बाद कल बुधवार को नांदगांव जिले के डोंगरगढ़ और छुरिया जनपद में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का चयन किया जाएगा। इसके बाद आगामी 7 मार्च को राजनांदगांव जिला पंचायत में अध्यक्ष-उपाध्यक्ष का चयन होगा। सबसे अंत में आठ मार्च को राजनांदगांव नगर निगम के नवनिर्वाचित मेयर एवं पार्षद का शपथ ग्रहण होगा।

### पंच-सरपंच ने ली शपथ

इधर सोमवार को जिले की सभी ग्राम पंचायत में शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। इस मौके पर नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंच ने शपथ ली। वहीं जिले की सभी ग्राम पंचायत में सात मार्च को उपसरपंच को चयन किया जाएगा। ज्ञात हो कि जिस ग्राम पंचायत में सामान्य वर्ग से सरपंच चुना गया है, वहां एसटी, एससी या ओबीसी वर्ग से ही उपसरपंच बनाया जाएगा।

## आरटीई योजना में आवेदन प्रक्रिया फिर थमी

# एक दिन खुलकर बंद हुआ पोर्टल! फार्म भरने चक्कर काट रहे पालक

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में प्रवेश के लिए 1 मार्च को आरटीई का पोर्टल ऑनलाइन आवेदन के लिए खोला गया था। वहीं 2 मार्च को इस पोर्टल को सुधार के नाम पर बंद कर दिया गया है और सुधार कार्य पश्चात पोर्टल खोले जाने की जानकारी दी जा रही है। पोर्टल में संदेश के माध्यम से बताया जा रहा है कि वर्ष 2025-26 में ऑनलाइन आवेदनों में हुए त्रुटियों को दृष्टिगत रखते हुए पोर्टल में आवश्यक सुधार किया जा रहा है। पोर्टल में सुधार उपरांत ऑनलाइन आवेदन हेतु खोल दिया जाएगा। जिसकी सूचना पृथक से दी जाएगी।

**कक्षा 12वीं तक निःशुल्क शिक्षा**

आरटीई के तहत नर्सरी से कक्षा 12वीं तक प्राइवेट स्कूलों की प्रारंभिक कक्षाओं में 25 प्रतिशत सीट दुर्बल और असुविधाग्रस्त परिवार के बच्चों के लिए आरक्षित होता है। इस अधिनियम के तहत 3 से 6 वर्ष तक के बच्चे किसी भी प्राइवेट स्कूल के प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश ले सकते हैं। इस योजना से प्रवेशित छात्र कक्षा 12वीं तक निःशुल्क चयनित स्कूल में अध्ययन कर सकते हैं।




### प्रवेश से हो जाते हैं वंचित

आरटीई में प्रवेश के तहत निजी स्कूलों द्वारा पोर्टल पर रिक्त सीटों को लेकर सही जानकारी नहीं दी जाती है। जिसके चलते सैकड़ों बच्चे प्रवेश से वंचित हो जाते हैं। एक मार्च को खोले गए पोर्टल में भी रिक्त सीटों की जानकारी और स्कूल नहीं दिखाई दे रहे थे।

### 1 मार्च को खुला था पोर्टल

शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत निजी स्कूलों में दाखिले के लिए खोले गए इस पोर्टल में कई लोगों ने अपने बच्चों के फॉर्म ऑनलाइन भरने कोशिश की, लेकिन इस दौरान किसी भी निजी स्कूलों में रिक्त सीट की जानकारी पोर्टल पर नहीं आ रही थी। जिसकी वजह से फॉर्म कंप्लीट नहीं हो पाया।

### फार्म भरने होड़

01 मार्च को पोर्टल खोले जाने की जानकारी जरूरतमंद लोगों ने अपने बच्चों के प्रवेश के लिए एक-दूसरे को दी। वहीं च्वाईस सेंटर में जाकर और स्वयं ऑनलाइन करने लोगों में पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर दिखाई दी, लेकिन 01 मार्च को पोर्टल खुलने के बाद भी ऑनलाइन फॉर्म सबमिट नहीं हो सके। 01 मार्च से पोर्टल खुलने को लेकर लोगों में तेजी से जानकारी फैल चुकी है। अब लोग बार-बार पोर्टल खोलकर ऑनलाइन फॉर्म भरने का प्रयास कर रहे हैं।

# स्वच्छता रैंकिंग सुधारने की कवायद टीम के आने से पहले सफाई में तेजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

आगामी दिनों में होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर नगर निगम आयुक्त ने शहर की बेहतर सफाई व्यवस्था पर जोर दिया हुआ है। शहर को स्वच्छता के मामले में बेहतर रैंकिग दिलाने शहर में सड़क किनारे जमी धूल भी निकाली जा रही है।

प्रतिवर्ष होने वाले स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए लंबे समय बाद शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीरता दिखाई दे रही है। नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा स्वयं सुबह अलग-अलग जगह पर जाकर साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण कर रहे हैं।

**स्वच्छता के प्रति जागरूकता**

नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा ने कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता और अपशिष्ठ प्रबंधन पर अपने प्रदर्शन को बेहतर बनाने के लिए शहरों के बीच स्वच्छ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देना है। बड़े पैमाने पर नागरिक भागीदारी को प्रोत्साहित करना और स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा अपने नागरिकों को बेहतर स्वच्छता सेवा प्रदान करना है।

### इस महीने के अंत में आएगी टीम



### सर्विस रोड की रेलिंग की सफाई

बेहतर सफाई व्यवस्था के लिए शहर के बीच से होकर गुजरने वाली राष्ट्रीय राजमार्ग पर बने फ्लाई ओवर के नीचे सर्विस रोड पर सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां लगी रेलिंग को युद्धस्तर पर साफ कराया जा रहा है। वही रेलिंग की डेंटिंग-पेंटिंग भी की जाएगी।

### स्वच्छता के साथ सुंदरता भी निखरेगी

स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए की जा रही इस सफाई व्यवस्था में स्वच्छ वातावरण निर्मित होने के साथ ही शहर की सुंदरता भी निखरेगी। वहीं संक्रमण से बीमारियों का खतरा भी खत्म होगा।

## पुलिस प्रशासन के मौके पर पहुंचने के बाद शांत हुआ माहौल

# धर्मांतरण के खिलाफ वनांचल में पनपा बवाल, चर्च के सामने हिंदू संगठनों ने किया प्रदर्शन...कार्रवाई की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

जिला मुख्यालय मोहला के दो वार्ड में स्थित मोनोनाइट और इंडियन क्रिश्चियन मिनिस्ट्री चर्च में रविवार को जमकर हंगामा हुआ। ईसाई समुदाय द्वारा एक चर्च में कलीसिया स्थापना सभा का आयोजन किया गया था तो दूसरे में प्रार्थना सभा का दोनों चर्च में वनांचल क्षेत्र के गरीब आदिवासी तपके के महिला-पुरूष ग्रामीण पहुंचे हुए थे। इसी दौरान स्थानीय हिंदू संगठन व आदिवासी समाज के प्रमुखों द्वारा दस्तक देते हुए धर्मांतरण के खिलाफ वृहद तौर पर प्रदर्शन किया गया। जिसके बाद मौके पर पहुंचे पुलिस व प्रशासनिक अमले ने दोनों चर्च में हो रहे आयोजन को तत्काल समाप्त करवाया। उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय मोहला स्थित वार्ड नं. 7 मोनोनाइट चर्च में ईसाई समुदाय द्वारा कलीसिया स्थापना सभा मनाए जाने की जानकारी नगर के विभिन्न हिन्दू संगठनों को लगी। जिसके बाद विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और अन्य हिन्दू संगठन व आदिवासी समाज के पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौके पर पहुंचकर कलीसिया स्थापना सभा का विरोध करने लगे। हिंदू संगठनों ने कलीसिया स्थापना सभा आयोजित कराने वाले ईसाई धर्म गुरुओं पर धर्मांतरण कराने का आरोप लगाते जमकर नारेबाजी कर विरोध प्रदर्शन किया। हिंदू संगठनों द्वारा कलीसिया स्थापना सभा का विरोध करने की सूचना मिलने पर मौके पर मोहला तहसीलदार दिनेश साहू तथा पुलिस बल मौके पर पहुंचते हुए मामला शांत कराने का प्रयास किया, लेकिन हिन्दू संगठन कलीसिया स्थापना सभा बंद कराने की मांग



**स्थापना सभा को कराया बंद :** हिंदू संगठनों के लगभग दो घंटे चले भारी विरोध प्रदर्शन के चलते प्रशासन को चर्च में चल रहे कलीसिया स्थापना सभा को बंद कराना ही पड़ा। वहीं कलीसिया स्थापना सभा में शामिल होने आए ईसाई धर्म गुरुओं और लोगों को प्रशासन ने सुरक्षित चर्च से बाहर निकाला और वापस उनके गंतव्य स्थलों के लिए भेजा है। इधर एक चर्च में विरोध प्रदर्शन कर प्रदर्शनकारी वार्ड नंबर 16 के इंडियन क्रिश्चियन मिनिस्ट्री चर्च में पहुंच गए, जहां ईसाई समुदाय द्वारा क्षेत्र के स्थानीय आदिवासी परिवारों को एकत्रित कर प्रार्थना सभा का आयोजन किए हुए थे।

### धर्मांतरण बर्दाश्त नहीं

आदिवासी समाज व क्षेत्र के विभिन्न समाज अपनी परंपराओं और संस्कृति से जुड़ा हुआ है और किसी भी प्रकार के अवैध धर्मांतरण को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन अवैध धर्मांतरण में लिप्त लोगों पर कार्रवाई करें।

- **टेकराम भंडारी,** अध्यक्ष, विहिप

### जांच की जाएगी

विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने अवैध धर्मांतरण और चर्च में हो रहे सभा को लेकर आपत्ति दर्ज कराए हैं। सभा उपरांत ईसाई समाज के लोगों को उनके गंतव्य की ओर भेजा गया है। साथ ही चर्च अवैध जमीन पर संचालित होने की आपत्ति बजरंग दल ने करवाई है, इसकी जांच की जाएगी।

- **दिनेश साहू,** तहसीलदार

## खबर संक्षेप

### बीईओ कार्यालय चल रहा भगवान भरोसे

**डोंगरगढ़।** विकासखंड शिक्षा अधिकारी का कार्यालय इन दिनों भगवान भरोसे चल रहा है। प्रभारी विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुख्यालय में रहने के बजाय कभी कभार ही कार्यालय पहुंचती है। कार्यालय के अन्य कर्मचारी स्कूलों में बरती जा रही अनियमियतता और शिक्षकों की शिकायतों को नजर अंदाज कर वसूली में लगे है। कई स्कूलो के शिक्षक समय पर पहुंचते नही है वहीं कुछ नशे में धुत होकर स्कूल जाते हैं। इस आशय की शिकायत मिलने के बाद भी कार्यवाही नही हो रही है। अनुपस्थित रहने वाले शिक्षको से सांठगांठ कर वेतन का आहरण किया जा रहा है। संकुल समन्क अपनी जवाबदारी निभाते हुए स्कूल जाने के बजाय शहर में घुमते नजर आते है।

### परीक्षार्थियों का स्वागत



**डोंगरगढ़।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद डोंगरगढ़ इकाई ने बालक शाला पहुंचकर 12वीं की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले विद्यार्थियों को तिलक और पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इस दौरान प्रदेश सहमंत्री अमन बृज नामदेव, विभाग छात्रा प्रमुख पूर्वा समर्थ, प्रियंका यादव, दिव्या ठाकुर, अनंत सिन्हा, अनुज कुंभलवार, कपिल सिन्हा, आकांक्षा राजपूत, द्रोणिका सिन्हा उपस्थित थे।

### दुर्गा मंदिर में भजन संध्या का आयोजन

**डोंगरगढ़।** इंदिरा नगर के दुर्गा मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि के तीसरे दिन भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में श्री रघुनंदन भक्त युवा समिति के साथ विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष तरुण हत्थेल ने भाग लिया। इस अवसर पर बमलेश्वरी माता मंदिर ट्रस्टी हनी गुप्ता का जन्मदिन मनाया गया। कार्यक्रम में शुभम परिहार, अमर समुद्रे, मनीष समुद्रे, बजरंग दल नगर संयोजक ऋषभ डकहा, हिमांशु डकहा, लकी करसे, अभय डकहा, राहुल करसे और अतुल बिरहा ने भाग लिया।

### परिचय सम्मेलन 9 को

**डोंगरगढ़।** रायपुर ब्राइट फाउंडेशन ने सभी जाति समाज की विधवा, विधुर, तलाकशुदा महिलाओं पुरूषों के पुनर्विवाह हेतु परिचय सम्मेलन का आयोजन किया है। सम्मेलन में अविवाहित युवक युवतियां तथा उम्र दराज अविवाहित महिलाएं भी शामिल हो सकती है। प्रदेश प्रवक्ता चेतन चंदेल ने बताया कि परिचय सम्मेलन आगामी 9 मार्च को सत्संग भवन महामाया मंदिर पुरानी बस्ती रायपुर में होगा। संस्था द्वारा 2018 से यह आयोजन किया जा रहा है। अब तक 400 से अधिक लोगों का विवाह हो चुका है। अध्यक्ष प्रदीप गोविंद शितूत ने बताया कि महिलाओं का पंजीयन निशुल्क किया जा रहा है ताकि अधिक से अधिक महिलाएं एवं युवतियां लाभ उठा सके। कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. मनोज ठाकुर ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर युवतियों का विवाह तय होता है तो उनका निः शुल्क आदर्श विवाह किया जाएगा।

### क्विज प्रतियोगिता में लक्ष्मी एवं रोहिणी तृतीय



**छुईखदान।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आविष्कार अभियान योजना अंतर्गत माध्यमिक एवं हायर सेकेंडरी स्तर पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन समग्र शिक्षा जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई के तत्वावधान में सेजेश विद्यालय छुईखदान में किया गया। विज्ञान से संबंधित प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला छुईखदान की लक्ष्मी एवं रोहिणी महोबिया ने भौतिक व्याख्याता पुष्पलता साहू के मार्गदर्शन में तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्राचार्य अनिल पाल ने छात्राओं को बधाई दी है।

## निधन



### कृष्णादेवी कटकवार

**डोंगरगांव।** कटकवार सॉ मिल के संचालक स्व. तिलक कटकवार की धर्मपत्नी कृष्णादेवी कटकवार का 87 वर्ष की आयु में रविवार 2 मार्च को स्वर्गवास हो गया है। वह जयंत कटकवार, हेमंत कटकवार, बसंत कटकवार, प्रशांत कटकवार की माताजी थी। उनका अंतिम संस्कार सोमवार को मुक्तिधाम में किया गया।




### हरदेवराम जंघेल

**सड़क अतरिया।** ग्राम के हरदेवराम जंघेल का रविवार शाम 8 बजे निधन हो गया। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। उसकी अंतिम यात्रा सोमवार सुबह मुक्तिधाम के लिए निकली। अंतिम यात्रा में पुत्र राजकुमार जंघेल, शिव, कमलेश, राकेश जंघेल सहित अन्य बड़ी संख्या में शामिल हुए।

### ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम में सरपंच और पंचों ने ली शपथ

# सरपंचों ने संभाली पंचायत की बागडोर







हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

ग्राम पंचायत सड़क अतरिया के शपथ ग्रहण समारोह में सास ने अपनी बहू को जिम्मेदारी सौंपी है। दस साल बाद एक बार फिर ग्रामीणों ने वैष्णव परिवार को पंचायत की बागडोर सोंपा है। इससे पहले सरपंच के लिए उपचुनाव में बेटा लोमश वैष्णव निर्वाचित हुए थे। ढ़ाई साल बाद उनकी मां मेरादेवी वैष्णव सरपंच निर्वाचित हुई थी। अब उनकी बहू सोनम वैष्णव सरपंच निर्वाचित हुई है। सोमवार को मीरा देवी वैष्णव ने अपनी बहू सोनम वैष्णव को 373809 रूपए के साथ पंचायत का कार्यभार सौंपा। इस मौके पर पंच लीलाबाई जंघेल, संतोषी जंघेल, मिथिलाबाई, उमेश जंघेल, सुरेन्द्र जंघेल, मेलन मेरावी, लीलाबाई, कल्पेश कुमार, कुमारीबाई यादव, संगीता निर्मलकर, धनेश जंघेल, उत्तर जंघेल, अश्वनी वैष्णव मौजूद थे। इसी प्रकार ग्राम पंचायत चकनार में वंदना पटेल, कुकुरमुड़ा में संतोष यदु, खैरबना में चंचला धुर्वे, संड़ी में कैलाश वर्मा, बुन्देली में दिवाकर सोनी, धोधा में दूजेराम वर्मा, मानपुर नाका में बोधन मेरावी, जीराटोला में कांति मंडावी, पंडरिया में जानकी र जंघेल, गोपालपुर में संदीप वैष्णव, साखा में कपिनाथ महोबिया, मोहगांव में जंगलदास, ठाकुरटोला में नरेश धुर्वे, खैरा नवापारा में प्रकाश जंघेल, घिरघोली में रोहणी यादव, मुरई में गीताबाई खरे ने पंचों के साथ शपथ लिया।

### ललित निर्वाचित

**पटेवा।** ग्राम पंचायत इरईकला के सरपंच ललित कुमार साहू ने ऐतिहासिक जीत के बाद आज पदभार ग्रहण किया। उन्होंने चुनाव में 194 वोटो के अंतर से अपने निकटतम प्रतिद्वंदी जनपद सदस्य डोमा दास साहू को पराजित किया था। वर्तमान में श्री साहू घुमका मंडल भाजयुमो के अध्यक्ष है। साफ सुथरा छबि और विकास की उम्मीद के साथ लोगों ने उन्हे पंचायत की कमान सौंपा है।

### गांवों में जश्न का माहौल



### शपथ लेने के बाद निकाली रैली

**छुईखदान।** ग्राम पंचायत खैरा नवापारा में आज चार्ज लेने के बाद नव निर्वाचित सरपंच प्रकाश जंघेल ने रैली निकालकर ग्रामवासियों का आशीर्वाद लिया। सरपंच श्री जंघेल ने लोगों को विश्वास दिलाया कि पंचायत का विकास उनका कर्तव्य होगा। सभी एकजुटता के साथ पंचायत के विकास के लिए कार्य करेंगे।श्री जंघेल पहले भी सरपंच रह चुके हैं। वह मंडल भाजपा के महामंत्री है। श्री जंघेल के सरपंच बनने से ग्रामीण क्षेत्रों में खुशी की लहर है।

### ग्रामीणों में उत्साह

**उदयपुर।** ग्राम पंचायत उदयपुर के नवनिर्वाचित सरपंच एवं पंचों ने 3 मार्च को शपथ ग्रहण किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। पंचायती राज कानून लागू होने के पश्चात पहला मौका है जब पंचायत में अनुसूचित जाति वर्ग से सरपंच निर्वाचित हुआ है। निर्वाचित सरपंच श्री मांडले ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी चंदूदास महिलांगे को 278 मतों से पराजित किया था। इस मौके पर श्री मांडले ने कहा कि मेरी पहली प्राथमिकता ग्राम वासियों का सम्मान करना रहेगा। ग्रामवासियों एवं पंचों के सहयोग से विकास किया जाएगा। इस मौके पर नवनिर्वाचित पंच रेवतीलाला साहू, रेखचंद साहू, नेमबाई साहू, मोगरा साहू, धनेश निषाद, वीणा सोनी, रंजीता मिश्रा, सुरेश मिश्रा, तुलेश्वरी डहरे, कुंवारियां ठेठवार, अनिल विश्वकर्मा, कांवरिया यादव, सुकवारो निषाद, वंदना धुर्वे को पीठासीन अधिकारी संतराम छपेन एवं पंचायत सचिव ऊदल राम साहू ने शपथ दिलाया।

# ईबादत के साथ पवित्र रमजान का आगाज

## छोटे बच्चे भी रख रहे रोजा

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुईखदान

एक बरस बाद पवित्र माह रमजान का आगाज सुबह की सेहरी और फजर की नमाज और रोजे की नियत के साथ ही शुरू हो गया है। यह लगभग तीस दिनो तक जारी रहेगा। इसी के साथ रोजा की पहली रात से तराबीह की नमाज शुरू हो गई है।

इस माह का इंतजार हर मुसलमान को बेसब्री से रहता है। रमजान का चांद देखने के बाद मुसलमान नमाज अदा करते हैं, जिसे तराबीह कहा जाता है। जामा मस्जिद के ईमाम द्वारा एक महीने तक पढ़ाया जाता है, जिसमें इमाम द्वारा कुरान शरीफ का पूरा किताब एक एक हर्फ के साथ पढ़कर सुनाया जाता है। इसे रात में आखिरी नमाज ईशा के बाद पढ़ाया जाता है। ज्ञात हो कि इन तीस दिनों में एक रोजेदार अपना अधिकांश समय पांचो वक्त की नमाज, सुन्नत और नफ़्ल की नमाज अदा करने में बिताता है।

### बाजार में रौनक

रमजान शुरू होते ही लोगो मे उत्साह और बाजार मे दोगुनी रौनक की उम्मीद की जा रही है क्योंकि इस माह होली के साथ साथ चैत्र नवरात्र पर्व है। वैवाहिक कार्यक्रम भी शुरू होने वाले हैं। यह माह उत्सवी होने वाला है।

### खुलूश के साथ मनाया जा रहा

जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान ने बताया कि जिले के लगभग 18 से 20 स्थानों पर मस्जिद में तराबीह की नमाज अदा की जा रही है। खैरागढ़ जामा मस्जिद में ईमाम हाफिज फखरुद्दीन साहब नमाज तराबीह सुना रहे हैं। वहीं छुईखदान में हाफिज सारीफुल हक साहब, गंडई में हाफिज आशिक रजा साहब, लिमो में हाफिज, पंडरिया में हाफिज साहब, नर्मदा में हाफिज दिलकश साहब, मानपुर नाका में हाफिज साहब, साल्हेवारा में हाफिज हामिद रजा खान, रेंगाखार में हाफिज अख्तर अंसारी, उदयपुर में हाफिज इलियास अहमद रिजवी द्वारा तराबीह सुनाया जा रहा है। इसी प्रकार अमलीडीह मस्जिद में हाफिज जियाउल हक, पिपरिया में हाफिज शराफत अली, खैरी में भी तराबीह इमाम के द्वारा पढ़ाया जा रहा है। जिला मुस्लिम समाज के अध्यक्ष सज्जाक खान, अरशद हुसैन मो मीरा खान, जाविद खान, शमशुल होदा खान, जहीन खान, हाजी इख़लाख मेमन, जफ़र खान, अल्ताफ खान, याहया नियाजी, शेख इमरान, मो ईमाम खान, शेख मुस्लिम, शेख निजमुद्दीन, शानू भाई, हाजी कलाम खान, शेख फिरोज, डॉ मकसूद खान, शेख कलीम खान, मस्तान भाई, अजहरुद्दीन अज्जू भाई, आशु भाई, बबलू खान, अनवर खान सहित अन्य ने मुस्लिम भाइयों को मुबारक बाद दिया है।

# टीचर्स ने किया महापौर यादव का सम्मान

- लंबित मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़



टीचर्स एसोसिएशन की जिला इकाई ने जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा एवं प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र यदु के नेतृत्व में नवनिर्वाचित महापौर मधुसूदन यादव से मुलाकात कर बधाई दिया। इस दौरान पदाधिकारियों ने 1 जनवरी 2025 की स्थिति में रिक्त पदों की गणना करते हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय के 500 से अधिक पदों को शामिल करने की बात रखी। उन्होंने प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा अवधि की गणना करते हुए पुरानी पेंशन का लाभ देने की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। इस दौरान संभाग प्रभारी शैलेंद्र यदु, जिलाध्यक्ष गोपी वर्मा, शरद शुक्ला, विद्यानंद डोंगरे, संतोष टमरे, ब्रिजेश वर्मा, भुवाल साहू, आदित्य तिवारी, चंद्रिका यादव, हंस मेश्राम, मनोज वर्मा, राजेश कुमार साहू, दिनेश कुरेटी, अनिल शर्मा, किशन देशमुख, माधव साहू, राकेश नेताम, देवेश देशलहरे, जयनारायण भुआर्य, नितेश शुक्ला, महादेव वालदे, रेवती रमन वैष्णव, रेशुलाल सिन्हा, सुदामा साहू, जयचंद पाटिल, महेश उइके, राजूलाल कौशिक, सुरेश साहू, सुरेंद्र सांडे, मनीष सोनी, शत्रुघ्न तिवारी, पंकज यादव, सुनील चंद्राकर, नरेश दुरुगकर, सुनील वर्मा, मोहित कुमार वर्मा, सोहन वर्मा, जितेंद बैस, परस पटेल, नरेंद्र आदि उपस्थित थे।

# कृमि की दवा सेवन करने की सलाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अर्जुनी



नवीन महाविद्यालय अर्जुनी में 27 फरवरी को प्राचार्य डॉ. अंजना ठाकुर के निर्देशानुसार राष्ट्रीय कृमि मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम प्राचार्य ने डॉ. गोविंद नामदेव का स्वागत किया गया।

डां. नामदेव ने कृमि पर प्रकाश डालते हुए कहा शरीर में कभी भी कोई खतरनाक रोग हो सकता है इसलिए सर्तकता बरतना आवश्यक है। उन्होंने समय-समय में कृमिनाशक दवाई का सेवन करने की सलाह दी ताकि शरीर में रोग न पनप सके। इसी कड़ी में स्वास्थ्य कर्मी लोकेश चंदन ने फाईलेरिया से बचाव की जानकारी देते हुए बताया कि क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से हाथीपांव नामक रोग होता है। उन्होंनेवर्ष में एक बार कृमिनाशक गोली का सेवन अवश्य करने कहा। इसी तारतम्य में आरती सोनी, रोहणी देवांगन, उषा निर्मलकर ने छात्र-छात्राओं को कृमिनाशक गोली का सेवन कराया। इस अवसर पर बीपी मानिकपुरी, दामिनी साहू, डिलेश्वरी देवांगन, गंगा सोनकर, कुमुद देवांगन, जमना निषाद, किशन कुमार, योगेश निषाद, चन्द्रभान सार्वा, गितेश लहरे, रूपेश कुमार, देवप्रकाश, उमाशंकर, लक्ष्मी, झरना, मनीषा, मोनिका, सोनिका, भूमिका, सरस्वती, पूनम, राधिका, पूजा तथा अतिथि व्याख्याताओं में डॉ. काव्या जैन, शुभि जैन, हिमानी साहू, लीना साहू, योगेन्द्र देवांगन, दुष्यंत कुमार साहू, चाँदनी पराते, डॉ. संजू सिंह आदि उपस्थित थे। संचालन चाँदनी पराते एवं आभार प्रदर्शन ओमप्रकाश सहारे ने किया।

### खुले में 63 हजार क्विंटल धान

**छुरिया।** क्षेत्र के धान खरीदी केन्द्र परिवहन नहीं होने के कारण धाान खुले में पड़ा है। समिति प्रबंधकों को अब सूखत का डर सताने लगा है। परिवहन की लचर व्यवस्था के चलते धान की बोरियों में दीमक लगने लगे हैं। जानकारी अनुसार धान खरीदी केन्द्र सड़क चिरचारी सहित जोब एवं खोभा में 31 जनवरी से धान खरीदी बंद होने के बाद से 63 हजार क्विंटल धान खुले में पड़ा है। समिति प्रबंधकों को धान का रखरखाव को लेकर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं उन्हें अब सूखत होने की चिंता सता रही है।



### हनुमान भक्त युवा समिति का आयोजन

# नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान




हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

श्री हनुमान भक्त युवा समिति के तत्वावधान में अहिल्या बाई होल्कर की जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 122 लोगों ने रक्तदान किया। जिला हास्पिटल राजनांदगांव, मेडिकल कॉलेज पेंड्री एवं अपना ब्लड सेंटर रायपुर की टीम ने ब्लड संग्रहण किया। समिति के युवाओं ने पालिका के नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया और शहर में स्वस्थ्य, शिक्षा, व्यापार, सौदर्यीकरण को लेकर चर्चा किया। कार्यक्रम में आरएसएस के जिला कार्यवाह कौशल वर्मा, प्रदेश भाजपा महामंत्री रामजी भारती, भाजपा मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नौआना, पूर्व विधायक विनोद खांडेकर, हरविंदर सिंह मंगे, जिला रक्तवीर संगठन के अध्यक्ष फणेद्र जैन शामिल हुए। जिला कार्यवाह कौशल वर्मा ने अहिल्या बाई होल्कर जीवन, महिला सशक्तिकरण, व सोमनाथ से लेकर काशी तक के मंदिर का जीणोद्धार आदि के बारे में बताया।

### युवाओं ने रखे सुझाव

इस मौके पर समिति ने शहर विकास के कई सुझाव रखे। युवा समिति ने नवनिर्वाचित पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे सहित पार्षद शारदा यादव, देवेंद्र साखरे, विनायक राव, डी एकेश राव, प्रीति चमन समुद्र, रतन कोसे, भूपेंद्र मरकाम, राजा सेन, किशोर अम्बादे, मुकेश सहारे, उमा महेश वर्मा, दीपाली हरीश भंडारी, अमित छाबडा, शिवांगी साखरे, देवेश मनोज साहू, अनीश निर्मलकर, संजय श्रीवास्तव, रेखा राजेश राघोर्ते, अमित जैन, हरीश मोटघरे, मोनिका राजेश कंडरा, राहुल यादव, सुमित ताम्रकार, बबिता मलागर आदि का सम्मान किया। इस मौके पर विश्वनाथ यादव, हेमंत साहू, गोपाल खेमुका, वीरेंद्र अग्रवाल, मनमोहन अग्रवाल, नवीन सोनी, बालमुकुंद तराने, अजय ठाकुर, प्रदीप सिसोदिया, धनंजय गिरधर, द्वारका शर्मा, अनिल पांडे, विनीत यादव, राकेश अग्रवाल, भारत भूषण मेश्राम, गणेश नरेडी, सन्नी चिखले, संतोष बहेकर, प्रकाश नरेडी, संध्या देशपांडे, मुस्कान राठौर, बबली नामदेव, नीरज जैन, अक्षय चौरड़िया, निखिल जैन, नितिन शर्मा, हिमांशु गुप्ता, अविनाश पोद्दार, प्रशांत गभने, कमल किशोर शर्मा, लाल विक्रम प्रताप सिंह, मोहित तराने, अमन ठाकुर, आलोक प्रताप, आशीष तराने, शुभम महोबिया, आदित्य मिश्रा, शुभम परिहार, ऋषभ डकहा, राहुल समुद्र, मनीष समुन्द्रे, वरुण अग्रवाल, बलराज यादव, पुष्प तराने, समीर गुप्ता, बंटू तापड़िया, बादल सिंह, निशांत शर्मा आदि मौजूद थे।

### कांग्रेस और समाज के वफादार नहीं जिला अध्यक्ष



**डोंगरगांव।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष बलिराम साहू ने जिला अध्यक्ष भागवत साहू की भूमिका को संदिग्ध बताते हुए कहा कि त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ उन्होंने काम किया। वहीं कांग्रेस के अधिकृत प्रत्याशी के खिलाफ चुनाव लड़ने और उनकी मदद करने वालों को निलंबित नहीं कर उन्होंने कांग्रेस को कमजोर किया। उन्होंने कहा कि पार्टी के विधायकों की छबि को सार्वजनिक रूप से धूमिल करने का प्रयास करते रहे है। उन्होंने कहा कि उनके परिवार को गांव के सरपंच नहीं चुनना चाहते है वह जिला पंचायत चुनाव हारने का ठिकरा बड़े नेताओं और विधायकों पर फोड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेसियों के आपसी वैचारिक मतभेद को खत्म करने के बजाय उन्होंने आपस में लड़वाने का प्रयास किया साथ ही व्यक्तिगत स्वार्थ के लिए कांग्रेस को कमजोर करते रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायकों पर गैर प्रमाणित आरोप लगाकर साहू समाज के खिलाफ काम उन्होंने किया है जिससे पार्टी और समाज दोनो को नुकसान होगा।

पाठक सूचना

राजनांदगांव जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319268069, 9425565082




अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.

नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी

चक्कर की जॉच
एलर्जी

Dental & Consmetic Treatments
- टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज

(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### दसवीं की परीक्षा आरंभ

**सड़क अतरिया।** सोमवार को दसवीं बोर्ड की परीक्षा प्रारंभ हो गई है। दसवीं के परीक्षार्थियों ने पहले दिन हिन्दी विषय का पेपर दिलाया। पेपर दिलाने के बाद बाहर निकले ज्यादातर परीक्षार्थियों का चेहरा खिला नजर आया। छात्रों ने बताया कि सिलेबस और तैयारी अनुरूप प्रश्न पूछे गए थे। दाऊ गुलाबदास वैष्णव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सड़क अतरिया में स्थानीय छात्रों के अलावा वेद विज्ञान विद्या मंदिर, शासकीय हाईस्कूल संड़ी, हाई स्कूल घिरघोली के कुल 164 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं। सोमवार को बीईओ रमेन्द्र कुमार डड़सेना, दल प्रभारी प्रियंका ठाकुर ने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया। पहले दिन पांच छात्र अनुपस्थित मिले। बीते शनिवार को 12 की परीक्षा का अधिकारी अविनाश ठाकुर के साथ शिक्षा अधिकारी डड़सेना ने साल्हेवारा पहुंचकर अवलोकन किया था।

### प्लेसमेंट कैम्प 6 को

**राजनांदगांव।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था राजनांदगांव में 6 मार्च को सुबह 10.30 बजे से ड्रोल्स पेट फूड प्राईवेट लिमिटेड राजनांदगांव द्वारा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प में व्यवसाय विद्युतकार, मैकेनिक डीजल, फिटर, वेल्डर, टर्नर, इन्स्ट्रुमेंटेशन, फिटर + अप्रेंटिसशिप इन बॉयलर, विद्युतकार+अप्रेंटिसशिप इन बॉयलर में आईटीआई उत्तीर्ण पुरूष प्रशिक्षार्थी अपने समस्त शैक्षणिक तथा आवश्यक प्रमाण-पत्र के साथ सम्मिलित हो सकते हैं।

### तोरनकट्टा में निकली जागरुकता रैली



**राजनांदगांव।** एनआईईपीआईडी सिकंदराबाद के अंतर्गत संचालित सीआरसी ठाकुरटोला राजनांदगांव द्वारा ग्राम पंचायत तोरनकट्टा में विश्व श्रवण दिवस पर एक जागरूकता रैली निकाली गई। कार्यक्रम का उद्देश्य सुनने की क्षमता में कमी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और कान व श्रवण स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। इस अवसर पर ग्रामीणों को जानकारी दी गई कि हर वर्ष 3 मार्च को विश्व श्रवण दिवस के रूप में मनाया जाता है, ताकि श्रवण स्वास्थ्य के प्रति लोगों की समझ को विकसित किया जा सके। इस वर्ष 2025 के विश्व श्रवण दिवस का विषय था, मानसिकता में बदलावः कान और श्रवण देखभाल को सभी के लिए एक वास्तविकता बनाने के लिए खुद को सशक्त बनाएं। कार्यक्रम में सीआरसी की निदेशक स्मिता महोबिया, कार्यक्रम समन्वयक गजेंद्र कुमार साहू, चुनमुन मोहंती, पुनीत साहू, रवि कुमार, राहुल कुमार, हेमंत सिंहा, फरीदा बेगम और विजय वर्मा सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम समन्वयक गजेंद्र कुमार साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 167 छात्र-छात्राओं एवं हितग्राहियों ने भाग लिया।

### ढाबा संचालक पर 50 हजार का जुर्माना

**राजनांदगांव।** अपर कलेक्टर एवं न्याय निर्णयन अधिकारी सीएल मार्कण्डेय द्वारा अवमानक एवं मिथ्याछाप खाद्य प्रकरणों पर सुनवाई करते नागरिकों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने वाले राजनांदगांव तहसील के ग्राम टेड़ेसरा स्थित मेसर्स महाराजा ढाबा के संचालक अवधेश मिश्रा पर खाद्य सामग्री अवमानक पाए जाने पर 50 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। जानकारी के अनुसार खाद्य सुरक्षा अधिकारी द्वारा मे.महाराजा ढाबा से दाल फ्राई, सब्जी, पनीर, खोवा, मिनी पेड़ा, मावा मिठाई सहित अन्य खाद्य सामग्री के नमूने आशंका के आधार पर संग्रहित कर गुणवत्ता जांच के लिए राज्य परीक्षण प्रयोगशाला भेजा गया था। राज्य परीक्षण प्रयोगशाला द्वारा जांच में नमूने अवमानक पाए जाने पर प्रकरण तैयार कर अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी एवं न्याय निर्णयन अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### निर्माण कार्यों के अद्यतन स्थिति की समीक्षा

# विभागीय योजनाओं में प्रगति लाएं अन्यथा कार्रवाई के लिए रहे तैयार

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

कलेक्टर तुलिका प्रजापति ने समय-सीमा की बैठक में विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन एवं प्रगति की समीक्षा की। कलेक्टर ने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते कहा कि वित्तीय वर्ष समाप्ति की ओर है, इसे ध्यान में रखते सभी अधिकारीगण अपने-अपने विभागों में संचालित विभागीय योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन करें।

उन्होंने कहा कि निर्धारित लक्ष्य अनुसार प्रगति लाएं। कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारियों द्वारा योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति नहीं लाने पर सख्त कार्रवाई किया जाएगा। कलेक्टर ने बैठक में सभी जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने मैदानी अमला और ब्लॉक स्तर के कार्यों का सतत मूल्यांकन करने और अधीनस्थ अमला के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। इसका गंभीरतापूर्वक पालन नहीं किए जाने पर संबंधित अधिकारियों पर जवाबदेही तय किया जाएगा।

कलेक्टर ने कहा कि 28 फरवरी के बाद किसी प्रकार की खरीदी पर प्रतिबंध लगाया गया है। इसे ध्यान में रखते विभागों में स्वीकृत बजट आबंटन के आधार पर विभागीय खरीदी का कार्य 28 फरवरी के पूर्व कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। विभागों में स्वीकृत बजट आवंटन के आधार पर सभी कार्यों को पूर्ण करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में ई-ऑफिस क्रियान्वयन की दिशा में सभी अधिकारियों को अपने विभागों में संचालित अधिकारी-कर्मचारियों का रजिस्ट्रेशन कराकर ऑफिस क्रियान्वयन की दिशा में आवश्यक कार्रवाई कर लेने के निर्देश दिए गए हैं। विभागों के लिए स्वीकृत पदों की पूर्ति की दिशा में अपने उच्च कार्यालय से संपर्क कर आवश्यक कार्रवाई करने कहा गया है।



बैठक में अपर कलेक्टर विजेन्द्र सिंह पाटले, जिला पंचायत सीईओ भारती चंद्राकर, डिप्टी कलेक्टर हीरा गवर्ना, एसडीएम मोहला हेमेन्द्र भुआर्य, एसडीएम मानपुर अमितनाथ योगी सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

#### होगी कार्रवाई

कलेक्टर प्रजापति ने विभागों में संचालित योजनाओं की राज्य स्तर पर रैंकिंग की समीक्षा की। राज्य स्तर पर जिन विभागीय योजनाओं में प्रगति में कमी पाई गई, उन अधिकारियों को रैंकिंग सुधारने के कड़ी निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने अधिकारियों को वित्तीय भौतिक लक्ष्य को अनिवार्य रूप से प्राप्त करने की दिशा में नए वित्तीय वर्ष प्रारंभ होने के पूर्व निर्धारित लक्ष्य प्राप्त करने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा कराए जा रहे निर्माण कार्यों के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। स्वीकृत निर्माण कार्यों को शीघ्रताशीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर ने कहा कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के गुणवत्ता में कमी पाए जाने की दशा में नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# 29 को निकलेगी हिन्दू सनातन एकता यात्रा




**राजनांदगांव।** सनातन धर्म महासभा सेवा परिवार द्वारा 2 मार्च को बालाजी मंदिर पुराना गंज लाइन में दोपहर 3 बजे आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में सनातनी, सर्व हिन्दू समाज, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं ने हिस्सा लेकर सर्व सहमति से प्रस्ताव पारित किया गया कि चैत्र नवरात्र के पूर्व संध्या पर 29 मार्च को बालाजी मंदिर पुराना गंज लाइन से दोपहर 3 बजे धूमधाम से हिन्दू सनातन एकता यात्रा निकालने का निर्णय लिया गया।

सभा का शुभारंभ हरीश गांधी के उद्बोधन और हनुमान चालीसा पाठ से हुआ। सभा का संचालन सौरभ खंडेलवाल ने किया। बैठक की अध्यक्षता डॉ. डीसी जैन ने किया। बैठक में छग सनातन धर्म महासभा के प्रदेश अध्यक्ष संतोष पटाक ने कहा कि हम सब धर्म की रक्षा करेंगे तो धर्म हमारी रक्षा करेगा। वह प्रयागराज में आज सनातन की एकता की मिसाल देते कहा कि अब पूरे हिन्दुस्तान में सभी सनातनी बंधु एक होते जा रहे है। सभी को 29 मार्च की हिन्दू सनातन एकता यात्रा में पहुंचने की अपील की।

सभा में डॉ. डीसी जैन, राकेश इंद्रभूषण ठाकुर, राकेश ठाकुर, मनोज बैद, सुदेश देशमुख, शिव वर्मा, राजेश शर्मा, राधेश्याम गुप्ता, प्रियंक सोनी, सुनील वाजपेयी, राजकुमार शर्मा, रामशरण वैष्णव, संजय सोनी, जयनारायण सिंह, हरीश गांधी, गणेश देवांगन, संतोष निषाद, मुकेश द्विवेदी, पंकज गुप्ता, मौसमी शर्मा, ममता शर्मा, ज्योति खंडेलवाल आदि ने धार्मिक व सामाजिक व सर्व हिन्दू समाज से चैत्र नवरात्र की पूर्व संध्या में निकलने वाले हिन्दू सनातन यात्रा में आने की अपील की है।

बैठक में रामअवतार जोशी, मुकेश द्विवेदी, हेमंत खंडेलवाल, रितेश जैन, अभिषेक सोनी, संतोष बालाजी, संजय शर्मा, सूरज गुप्ता, योगेश साहू, शैलेन्द्र तिवारी, शरद गुप्ता, मीना पांडेय, सविता जोशी समेत अन्य लोग शामिल थे। आभार प्रदर्शन प्रियंक सोनी ने किया। उक्त जानकारी मौसमी शर्मा ने दी।

# मजबूरी का काम, मजदूरी बन जाता है

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

श्री अग्रसेन भवन में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह के चतुर्थ दिवस व्यासपीठ पर विराजित भगवताचार्य पं. अर्पित भाई शर्मा ने कथा का वाचन किया। उन्होंने धर्म, अर्थ, काम व मोक्ष की कथा विस्तार से बताते यज्ञ की महत्ता बताई।

सती चरित्र की कथा का वर्णन करते आचार्य श्री ने कहा कि यज्ञ भगवान नारायण का ही स्वरूप है, इसलिए यज्ञ पूरा होने पर हम यज्ञ नारायण भगवान की जय कहा करते हैं। जब व्यक्ति अपने प्रत्येक क्रिया को प्रभु चरणों में निवेदित कर देता है, तब वह क्रिया यज्ञ बन जाती है। सफाई कर्मी सफाई करते समय धन के लिए नहीं वरन आम लोगों के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान रखते यह भाव रखता है कि मैं राष्ट्र कार्य कर रहा हूं, तब उसका यह कार्य यज्ञ बन जाता है। मजबूरी में कभी कोई काम न करें, मजबूरी में किया काम मजदूरी बन जाता है। आनंद के साथ किया गया कार्य परमेश्वर की प्राप्ति का कारण बन जाता है। सर्व कल्याण के लिए किया गया कार्य यज्ञ है, जो परमेश्वर को प्राप्त होता है। चतुर्थ दिवस कथा श्रवण के लिए कलेक्टर संजय अग्रवाल की माताजी तथा उनकी धर्मपत्नी निकीता अग्रवाल शामिल हुए। इसके अलावा छत्तीसगढ़ प्रांतीय अग्रवाल संगठन के संरक्षक नेतराम अग्रवाल, महिला संगठन की प्रांतीय उपाध्यक्ष हेमलता मित्तल सहित अन्य भक्त शामिल हुए।



# डोंगरगढ़ में भामसं की बैठक को लेकर बनी रणनीति

## कार्यकर्ताओं को कार्यों के बारे में दी विस्तार से जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भारतीय मजदूर संघ की मध्यप्रदेश व छत्तीसगढ़ के प्रदेश पदाधिकारियों दोनों प्रदेशों में निवासरत केन्द्रीय पदाधिकारियों अखिल भारतीय महासंघों के अध्यक्ष, महामंत्रियों की 9 व 10 मार्च को डोंगरगढ़ के क्षीरपानी परिसर में आयोजित क्षेत्रीय बैठक की तैयारियों को लेकर सोमवार दोपहर भारतीय मजदूर संघ के मध्य क्षेत्र के संगठन मंत्री सुनील किरवई की उपस्थिति में व्यवस्था में लगे भामसं कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में क्षेत्रीय संगठन मंत्री ने बैठक की व्यवस्था को लेकर अब तक हुई तैयारियों का ब्यौरा प्राप्त किया तथा व्यवस्था में लगने वाले कार्यकर्ताओं को करणीय कार्यों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू ने बताया कि मजदूर नेता श्री किरवई ने कहा कि बैठक में दोनों प्रांतों के प्रतिष्ठित मजदूर नेता आ रहे हैं, उन्हें बैठक में किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसका ध्यान व्यवस्था में लगे कार्यकर्ताओं को करना है। क्षेत्रीय बैठक के लिए मिनट-टू-मिनट के कार्यक्रमों की जानकारी दी गई तथा भोजना एवं स्वल्पाहार व्यवस्था में लगे कार्यकर्ता, आवास व्यवस्था में लगे कार्यकर्ता, परिवहन व्यवस्था में लगे कार्यकर्ता तथा मंच व साज-सज्जा में लगने वाले कार्यकर्ताओं को उक्त हिसाब से अपनी-अपनी व्यवस्था चुस्त-दुरूस्त रखने का निर्देश दिया गया।

#### 8 से पहुंचना शुरू होंगे नेता

बैठक के लिए आने वाले नेता 8 तारीख से डोंगरगढ़ पहुंचने प्रारंभ हो जाएंगे तथा 9 मार्च को 10 बजे उद्घाटन सत्र व 10 मार्च को दोपहर बाद समापन सत्र रखने की जानकारी दी गई और व्यवस्था में लगने वाले कार्यकर्ताओं को 8 मार्च प्रातः ही बैठक स्थल डोंगरगढ़ में पहुंचने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार पांडेय, विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा, बैठक व्यवस्था के संपूर्ण प्रभारी डोंगरगढ़ निवासी राजनारायण सिंह चंदेल, केशवराम सिन्हा, गौतरिहाराम डेहरे, ठाकुरराम, गजानंद मिश्रा, हेमंत साहू, गोपाल दास साहू, अल्का बारसागढ़े, निर्मला साहू, भारती शर्मा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

#### बैठक की तैयारियों को दिया गया अंतिम रूप

नरेश साहू ने बताया कि बैठक के बाद क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुनील किरवई के मार्गदर्शन में कार्यकर्ताओं का एक प्रतिनिधि मंडल डोंगरगढ़ स्थित क्षीरपानी परिसर पहुंचा, जहां बैठक की तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। इस प्रतिनिधि मंडल में प्रदेश महामंत्री दिनेश कुमार पाण्डेय, विभाग प्रमुख योगेशदत्त मिश्रा, राजनारायण सिंह चंदेल एवं भामसं के जिला मंत्री नरेश कुमार साहू उपस्थित थे।

# पार्षद पर हमला मामले में आरोप-प्रत्यारोप का दौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

वार्ड नंबर 6 में भारतीय जनता पार्टी के पार्षद सुनील साहू और कांग्रेस के प्रत्याशी रहे देवेश वैष्णव के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर चल रहा है। बीते दिनों दोनों ही पक्ष ने एक-दूसरे के खिलाफ चिखली पुलिस चौकी में पहुंचकर शिकायत की थी। वहीं इसके बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस का दौर चल पड़ा है।

भारतीय जनता पार्टी के पार्षद सुनील साहू द्वारा लगाए गए आरोप का खंडन करते देवेश वैष्णव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। वहीं अब पार्षद सुनील साहू ने प्रेस कान्फ्रेंस करके देवेश वैष्णव द्वारा लगाए गए आरोप को निराधार बताया है।

शांतिनगर वार्ड नंबर 6 से कांग्रेस और भाजपा प्रत्याशियों को 1209 के बराबर मत मिले थे। इसके बाद इस चुनाव के हार-जीत का फैसला पर्ची निकालकर किया गया था। वहीं इस लॉटरी सिस्टम में कांग्रेस प्रत्याशी की हार हुई थी। इसके बाद से वार्ड में पार्षद और प्रत्याशी के बीच माहौल खराब हो गया है।

पार्षद सुनील साहू ने कांग्रेस के देवेश वैष्णव पर उनके लोगों द्वारा हमला किए जाने की शिकायत की है। आज पार्षद सुनील साहू ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस करते अपने आरोपों को दोहराया है। सुनील साहू ने कहा कि देवेश वैष्णव के लोगों ने उन पर हमला किया है। उन्होंने कहा कि जिस राजू मेश्राम ने चाकू से उन पर हमला किया, वह उसे व्यक्तिगत तौर पर नहीं जानते हैं। उसके साथ उनका कोई विवाद नहीं था। इस मामले में उन्होंने कांग्रेस के देवेश वैष्णव को जिम्मेदार ठहराया है। वहीं कहा है कि भविष्य में मुझ पर कोई भी हमला होगा तो जिम्मेदार देवेश वैष्णव ही होगा।

#### निगम में अवकाश के दिनों में भी राजस्व वसूली

**राजनांदगांव।** वित्तीय वर्ष की समाप्ति को ध्यान में रखते एवं शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप राजस्व कर की प्राप्ति के लिए निगम सीमांतर्गत संपत्तिकर, समेकितकर, जलकर एवं दुकान किराया की वसूली को दृष्टिगत रखते निगम कार्यालय अवकाश के दिनों में भी निगम कार्यालय के राजस्व विभाग में चालू रहेगा।

वित्तीय वर्ष 2024-25 में राजस्व वसूली शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप नहीं होने पर कलेक्टर व प्रशासक संजय अग्रवाल एवं नगर निगम आयुक्त अतुल विश्वकर्मा के निर्देश पर कर दाताओं की सुविधा हेतु कर की राशि जमा करने समस्त अवकाश के दिनों में (होली को छोड़कर) राजस्व कार्यालय खुला रहेगा। राजस्व कार्यालय में राजस्व अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सभी राजस्व उप निरीक्षक, सहायक राजस्व निरीक्षक एवं वार्ड प्रभारी उपस्थित रहेंगे। उपायुक्त मोबिन अली ने कहा कि कर का भुगतान समय-सीमा में नहीं करने पर अधिभार सहित बकाया कर की वसूली की जाएगी। साथ ही बड़े बकायेदारों का नल विच्छेदन व कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। आयुक्त विश्वकर्मा ने करदाताओं से अपील करते कहा है कि अपने बकाया कर, संपत्तिकर, जलकर, समेकितकर के अलावा दुकान किराया का भुगतान कर आर्थिक भार से बचे।

# महिलाएं बना रही पलास से रंग-गुलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

माँ बम्लेश्वरी समूह से जुड़ी हरियाली बहनें होली के लिए प्राकृतिक सामग्री का उपयोग कर रंग और गुलाल बना रही है। इन महिलाओं को अभी से आर्डर मिलना भी शुरू हो गया है। रंग गुलाल बना रही महिलाओं को फाफामार में प्रशिक्षण दिया गया जिसमें सोनवानीटोला, टीपानगढ़, तेंदूटोला, मासुल की महिलाएं शामिल हुई।

इस दौरान पद्मश्री फूलबासन यादव ने पलास के फूलों से रंग-गुलाल बड़े स्तर पर बनाने के लिए हरियाली बहनों की तारीफ करते हुए कहा कि रंग-गुलाल को केमिकल युक्त न बनाएं। बनाने में किसी प्रकार की लापरवाही न बरतें ताकि लोगों का विश्वास कायम रहे। हरियाली बहन अभियान प्रमुख शिव कुमार देवांगन ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान पलास के फूल एवं पालक भाजी से गुलाल बनाया गया है। अब इसे बाजार में बिक्री करने तैयारी है। पलास के फूलों से पावडर भी तैयार किया गया है जिसे भी बेचा जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक 3 क्विंटल गुलाल का आर्डर मिल चुका है। मार्केटिंग करने में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं आ रही है। पहले आओं तभी पाओ की तर्ज पर रंग-गुलाल की आपूर्ति किया जाएगा।



# मनुष्य अपने कल्याण के लिए मन निर्मल कर कथा श्रवण करें



**राजनांदगांव।** श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में राजा परीक्षित ने सुखदेव से दो प्रश्न किए। पहला मनुष्य को सदा क्या करना चाहिए, दूसरा मृत्यु नजदीक हो उसे क्या करना चाहिए। सुखदेव ने उत्तर दिया सदा सर्वदा एकाग्र मन से परमब्रह्म का चिंतन करना चाहिए, साधन लीला है, विचार की पराकाष्ठा तथा भजन की विधि बताई। मन की शुद्धि, एकाग्रता, सूक्ष्म शरीर तथा चित्त की शुद्धि में वक्ता व श्रोता का चित्त शुद्ध होनी चाहिए। मन की एकाग्रता चित की शुद्धि से ही परम ब्रह्म परमात्मा की प्राप्ति हो सकती है।

उक्त उद्गार अग्रसेन भवन में अग्रवाल सभा, अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल के तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस की कथा का रसपान कराते भगवताचार्य पं. अर्पित शर्मा ने व्यक्त किए।

पं. अर्पित ने कथा प्रसंग को आगे बढ़ाते कहा कि मनुष्य अपने कल्याण के लिए मन निर्मल कर कथा श्रवण करें, व्यास जी कहते हैं कि कथा प्रारंभ होने के पूर्व मंगलाचरण होता है, मंगलाचरण के पूर्व कथा में पहुंचना वैष्णव धर्म है। कथा में प्रेम बढ़ जाता है, तब कथा परमब्रह्म परमात्मा बना देती है। प्रभु से एक ही नाता रह जाता है वह है प्रेम का, कृष्ण से प्रेम का। इस दौरान श्री अग्रसेन भवन का सभागृह मातृ शक्तियों से खचाखच भरा हुआ था।

# गाय भैंस चराकर वापस लौट रहे चरवाहे के साथ मारपीट

**गंडई पंडरिया।** मुंडाटोला में गाय-भैंस चराने गए प्रह्लाद यदु के साथ मारपीट करने की घटना सामने आई है। पीड़ित प्रह्लाद यदु ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के गजेन्द्र नेताम और उसके पिता संतोष नेताम ने गाली गलौच करते हुए उसके साथ मारपीट किया। प्रह्लाद ने शिकायत में बताया कि गत 27 फरवरी की शाम को जब वह गाय- भैंस चराकर वापस गांव आ रहा था तब बाजार रास्ते के पास गजेन्द्र नेताम और संतोष नेताम ने उसे रोक लिया। उन्होंने प्रह्लाद पर गौतरहीन के अरहर खेत से अरहर का बोझा हटाने का आरोप लगाते हुए गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के अनुसार गजेन्द्र नेताम ने उसके हाथ से डंडा छीनकर मारपीट किया। वहीं संतोष नेताम ने टंगिया के बेठ से पीटा। मारपीट में प्रह्लाद के दाहिनी जांघ, दाहिने हाथ की उंगली और पीठ में चोटें आई हैं। आरोपियों ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। इस दौरान अलेन्द्र यदु, रोहित यदु और गुहरी यदु ने बीच-बचाव कर मामले को शांत कराया। पीड़ित ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

#### आज से गायत्री महायज्ञ

**गंडई पंडरिया।** ग्राम ठंडार में कल 4 मार्च से 5 दिवसीय गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन किया गया है। पांच कुंडीय राष्ट्र जागरण अभियान, गायत्री महायज्ञ और प्रज्ञा पुराण कथा का आयोजन लोगों को आध्यात्मिक ज्ञान और शांति प्रदान करेगा।

# सूने मकानों में चोरी करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार, सीसीटीवी से खुलासा

**राजनांदगांव।** शहर के सूने मकानों को निशाना बनाने वाले तीन आरोपी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसमें एक आरोपी अंतर्राज्यीय चोर गिरोह का सदस्य है। आरोपियों ने कुंभ स्नान के लिए गए परिवार के घरों में चोरी को अंजाम दिया था।

कोतवाली टीआई रामेंद्र सिंह ने बताया कि लखोली केसर नगर इलाके में 24 फरवरी को प्रार्थी दिनेश अग्रवाल अपने सूने मकान से 15 लाख की चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वहीं जनता कालोनी में रहने वाले नरेश मिश्रा ने शुक्रवार रात अपने मकान से 5500 के आर्टिफिशियल ज्वेलरी की शिकायत दर्ज कराई थी। चोरी के दौरान दोनों ही परिवार कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गया था। शिकायत के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। आसपास के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली। जिसमें संदेहास्पद रूप से घूमते आरोपी प्रतीक रजक, दुर्गेश निर्मलकर और नागपुर निवासी उमेश खापेकर दिखे। पुलिस ने तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की। जिसमें आरोपियों ने दोनों मकान में चोरी की बात स्वीकार ली। पुलिस ने चोरी के आर्टिफिशिल ज्वेलरी बरामद कर लिया है। पुलिस तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है।



#### चोरी की शिकायत पर संदेह

आरोपियों के पकड़े जाने के बाद भी केसर नगर के मकान से 15 लाख की चोरी संबंधी कोई भी मशरुका या कैश बरामद नहीं हुआ है। प्रार्थी ने 10 लाख कैश और 5 लाख की ज्वेलरी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपियों से यह बरामद नहीं हुआ है। ऐसे में चोरी गए सामानों के संबंध में पुलिस प्रार्थी से दोबारा पूछताछ करेगी।

**पर्स गुमा**

मैं प्रकाश अग्रवाल जयस्तंभ चौक डोंगरगढ़ जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) निवासी 2 मार्च 2025, दिन रविवार को हरिभूमि कार्यालय राजनांदगांव प्रवास में गया था। इस दौरान मेरे जेब में रखे बटुआ (पर्स) कार्यालय से रेलवे स्टेशन के बीच कहीं गुम हो गया है, जिसमें मोटर साइकिल वाहन क्रमांक CG08AJ 5664 TVC रेडियोन का आरसीबुक, ड्राइविंग लाईसेंस, आधार कार्ड, वोटर आईडी कार्ड, प्रेस परिचय पत्र, जना बैंक शाखा डोंगरगढ़ खाता क्रमांक 4634010000629853 प्रकाश अग्रवाल के नाम से जारी एटीएम कार्ड सहित कुछ जरूरी कागजात मौजूद थे।

जिस किसी भी सज्जन को मिले, उसे उचित इनाम दिया जावेगा, इस नंबर पर संपर्क करें।

प्रकाश अग्रवाल
मो. 93009-63883

प्रदेश भाजपा सरकार ने पेश किया वित्तीय बजट, नेताओं ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया

# भाजपा ने बताया विकास का बजट, तो कांग्रेस ने कहा छलावा

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ प्रदेश सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट को भारतीय जनता पार्टी ने छत्तीसगढ़ प्रदेश, युवा, गांव, गरीब, महिला और किसान हित का बजट बताया है। वहीं कांग्रेस ने साय सरकार के इस बजट को निराशाजनक और दिशाहीन करार दिया है।

## मील का पत्थर होगा साबित



यह बजट अटल छत्तीसगढ़ के पटल पर मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की सोच के साथ कदम से कदम मिलाते विकसित छत्तीसगढ़ को गति प्रदान करने हैं। बजट में हर वर्ग का ध्यान रखते समावेशी बजट प्रस्तुत किया गया है। अपने दृढ संकल्पों को पूरा करते सरकार ने 18 लाख आवास को स्वीकृति प्रदान कर 8500 करोड़ का प्रावधान किया है।

– **संतोष पांडेय,** सांसद

## सुविधाओं के विस्तार का बजट



बजट में स्वास्थ्य सुविधाओं को विस्तार करने के लिए राज्य में 25 विश्वविद्यालय और 14 मेडिकल कॉलेज खोलने की योजना है। जीवनरक्षक दवाओं में टैक्स में छूट, सीएम सुपर स्पेशियलिटी 100 बेड अस्पताल समेत स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए 1500 करोड़ के बजट का प्रावधान छत्तीसगढ़ सरकार जनस्वास्थ्य के प्रति गंभीरता को दर्शाता है।

– **सुरेश एच लाल,** वरिष्ठ भाजपा नेता

## कल्याण से परिपूर्ण बजट



यह बजट उम्मीद से बढ़कर अभूतपूर्व है। जिसमें किसी भी प्रकार के विकास से वंचित होने की गुंजाइश नहीं है। इस बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के 18 लाख हितग्राहियों को शर्तों में सरलीकरण कर आवास प्रदाय हेतु 8500 करोड़ रुपए, 20 हजार से अधिक भर्तियां, सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना हेतु प्रदेश में 200 करोड़, अन्नदाताओं के वित्तीय विकास हेतु दलहन-तिलहन की एमएसपी पर खरीदी की जाएगी।

– **मधुसूदन यादव,** महापौर

## उम्मीद से बढ़कर अभूतपूर्व बजट



साय सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट छत्तीसगढ़ की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का बजट है। इसमें कला और युवाओं के कौशल का तेजी से विकास होगा। मां बम्लेश्वरी की परिक्रमा पथ के निर्माण से डोंगरगढ़ सहित राजनांदगांव के पर्यटन का विस्तार होगा और इससे जिले के व्यापार की आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

– **खूबचंद पारख,** वरिष्ठ भाजपा नेता

## चौतरफा विकास का बजट



बजट मूलतः प्रदेश के चौतरफा विकास के दृष्टिकोण से बेहतरीन है। खैरागढ़ से राजनांदगांव होते हुए डोंगरगांव तक फोरलेन की सौगात का बजट में प्रावधान जिले के लिए मिल का पत्थर साबित होगा। डोंगरगढ़ में 21 करोड़ की लागत से पुल का निर्माण दूरदर्शी सोच और जनता की मांग को पूर्ण करने वाला कार्य है।

–**दिनेश गांधी,** पूर्व अध्यक्ष, जिपं

## किसानों और महिलाओं से छलावा



यह बजट प्रदेश के युवाओं, किसानों और महिलाओं के साथ छलावा है। इसमें शिक्षा, रोजगार और कृषि के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। जिससे सरकार की प्राथमिकताओं पर सवाल उठते हैं। यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं के विपरीत है। जिसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोडमैप नहीं दिखता, न ही महंगाई से निपटने के लिए कोई ठोस रणनीति है।

– **गुरभेज सिंह माखीजा,** युकां अध्यक्ष

## सर्व समावेशी बजट



हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे ध्येय वाक्य को चरितार्थ करने वाला सर्वसमावेशी बजट है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव सरकार में छत्तीसगढ़ बहुत तेजी से आगे बढ़ रहा है, जिस कल्पना और विचार को लेकर पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेई ने छत्तीसगढ़ का निर्माण किया था, उस उद्देश्य की पूर्ति करते साय सरकार विकास के पथ पर अब दौड़ने लगी है।

– **कोमल सिंह राजपूत,** अध्यक्ष, जिला भाजपा

## विकास के लिए संकल्पित बजट



यह बजट प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए संकल्पित बजट है। इस बजट में प्रदेश के चहुंमुखी विकास की झलक स्पष्ट प्रदर्शित होती है। विभिन्न मदों में सुनियोजित बजट प्रावधानों द्वारा प्रदेश के सर्वोन्मुखी विकास को गतिशीलता प्रदान करने की रूपरेखा गढ़ी गई है। विभिन्न 20 विभाग में 10 हजार से अधिक भर्तियों का प्रावधान किया गया, 26 करोड़ रुपए का प्रावधान सीएम कौशल विकास योजना के लिए किया गया है।

– **नील शूर्मा,** प्रवक्ता, प्रदेश भाजपा

## जुमलेबाजी का बजट



महिलाओं के लिए 500 रुपए में सिलेंडर देने के बारे में बजट में कोई प्रावधान नहीं है। महतारी वंदन में छूटी हुई महिलाओं को जोड़ने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। पिछले बजट में 33,000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा की गई थी, लेकिन एक भी भर्ती नहीं हो पाई। इस वर्ष फिर से 20,000 शिक्षकों की भर्ती की बात की जा रही है, जो केवल जुमलेबाजी प्रतीत होती है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के लिए बजट में कोई नया प्रावधान नहीं है।

– **हेमा देशमुख,** पूर्व महापौर

## बजट में सिर्फ आंकड़े



बजट में सिर्फ आंकड़े है। आम जनता की समस्याओं का समाधान नहीं है। बजट में मध्यम वर्गीय परिवार के लिए कुछ नहीं है। नौजवान युवाओं के लिए बजट में कोई भी रोजगार का जिक्र नहीं किया गया है। महिलाओं को भी बजट में कुछ नहीं मिला।

– **भागवत साहू,** जिला अध्यक्ष कांग्रेस

## जनता को ठगने का बजट



आम जनता बजट में अपने आपको ठगा हुआ महसूस कर रही है। बजट में किसानों को भी छला गया है। सरकार तुम्हर द्वार अंतर्गत डेढ़ लाख बेरोजगार युवकों को रोजगार देने की बात करने वाली भाजपा इस बजट में यह प्रावधान भी नहीं रखी है।

– **कमलजीत सिंह पिन्टू,** कांग्रेस प्रवक्ता

## दुर्गति की ओर धकेलने वाला बजट



यह बजट सरकार के झूठे वादों की तरह आम जनमानस को ठगने वाला साबित हुआ। यह बजट युवाओं के भविष्य को अंधकार में ले जाने वाला बजट है। जिसमें कहीं भी 1 लाख पदों पर भर्ती का जिक्र ही नहीं है। छात्राओं को स्नातकोत्तर तक मुफ्त शिक्षा व विद्यार्थियों को यात्रा भत्ता के संबंध में इस बजट में कोई योजना न होना छत्तीसगढ़ की दुर्गति की ओर ले जाने वाला प्रतीत होता है।

– **छन्नी चंदू साहू,** पूर्व विधायक

## दिशाहीन, छलावे का बजट



यह बजट दिशाहीन है। युवाओं, किसानों और महिलाओं के साथ छलावे का बजट है। शिक्षा, रोजगार और कृषि के लिए निराशाजनक है। यह बजट आम जनता की अपेक्षाओं के विपरीत है। युवाओं के बेरोजगारी भत्ते, किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में कुछ नहीं है। महिलाओं के लिए 500 रुपए में सिलेंडर देने के बारे में बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

– **धनेश पाटिला,** पूर्व ऊर्जा मंत्री

## विकास को अंगूठा दिखा रहा बजट



यह बजट सिर्फ जुमलेबाजी है। इस बजट में शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के लिए कोई नया प्रावधान नहीं है। मजदूरों और गरीबों की आमदनी बढ़ाने के लिए भी बजट में कोई ठोस योजना नहीं है। आम आदमी से जुड़े पेट्रोल डीजल में भी बड़ी राहत नहीं है। यह बजट युवाओं, गरीबों और महिलाओं के साथ छलावा है।

– **रमेश डाकलिया,** कांग्रेस कार्यकारी अध्यक्ष

## निराशाजनक बजट



यह निराशाजनक बजट है। मोदी की गारंटी का हवाला देकर महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की योजना के लिए कोई प्रावधान नहीं किया गया है। रानी दुर्गावती योजना के अंतर्गत बीपीएल परिवार में बालिका के जन्म पर डेढ़ लाख रुपए का आश्वासन प्रमाण पत्र का प्रावधान बजट से गायब है। छात्रों को कॉलेज आने-जाने के लिए डीबीटी के माध्यम से मासिक ट्रैवल एलाउंस की भी प्रावधान इस बजट में नहीं है।

– **विभा साहू,** सदस्य, जिला पंचायत

## विकास की नई ऊंचाइयों वाला बजट



यह बजट ऐतिहासिक एवं प्रदेश के विकास को नई ऊंचाईयों पर ले जाने वाला बजट है। इस बजट में गांव, गरीब, किसान, नारी शक्ति एवं नौजवान साथियों के जीवन में मूलभूत बदलाव के लिए कई दूरगामी घोषणाएं की गई, जो विष्णुदेव साय सरकार की प्रदेश के लिए विजन को दर्शाता है। कृषि बजट में 33 प्रतिशत की वृद्धि, सिंचाई परियोजनाओं के लिए 300 करोड़ रुपए, कृषि उन्नति योजना के लिए 10 हजार करोड़ का प्रावधान किया है, जो कृषकों के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को व्यक्त करता है।

– **भरत लाल वर्मा,** महामंत्री, भाजपा प्रदेश

## सर्वहित का बजट



यह बजट सर्वहित का बजट है। साय सरकार के बजट में सबका साथ-सबका विकास की बात कही गई है। इस बजट में छात्रों की पढ़ाई को और रोचक बनाने और उन्हें प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु अनुकूल माहौल देने के लिए 17 और नालंदा लाइब्रेरी खोली जाएगी।

– **रमेश गंगवानी,** प्रदेश अध्यक्ष

## छात्रों के साथ छलावा



इस बजट में छात्रों के साथ छलावा किया है। बीजेपी ने अपने घोषणा पत्र में महाविद्यालय आने-जाने वाले छात्रों को ट्रैवल एलाउंस देने का वादा किया था, लेकिन बजट में इस विषय पर एक भी शब्द नहीं कहा गया।

–**राजा यादव,** प्रदेश महासचिव, एनएसयूआई

## बहुवर्ग हितैषी बजट



यह बजट जन हितकारी एवं बहुवर्गीय हितैषी बजट है। यह बजट गरीब, किसान, मजदूर, महिलाएं, युवाओं सहित हर वर्ग के लोगों का उत्थान की चिंता करने वाला बजट है। शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, कृषि, व्यवस्था क्षेत्र कैसे फले-फूले इसको ध्यान रखा गया है।

– **राजेश गुप्ता अग्रहरि,** कार्यसमिति सदस्य

## गारंटी को पस्त करने वाला बजट



यह बजट डिजिटल के नाम पर पेश किया गया था। वहीं अब मैन्युअल बजट पेश कर डिजिटल को ध्वस्त करने का प्रमाण सरकार ने दिया है। सब्जबाग से भरे इस बजट में मोदी की गारंटी, जो भाजपा का चुनावी घोषणा पत्र था, वह पूरी तरह से पस्त हो गई है। महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की योजना का प्रावधान इस बजट में नहीं है।

– **रूपेश दुबे,** प्रवक्ता, प्रदेश कांग्रेस

## विकसित छग बनाने का बजट



छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा 2025-26 का बजट प्रस्तुत किया गया। इस बजट से विकसित छत्तीसगढ़ बनाने का बजट होगा। बजट में सरकारी कर्मचारी के डीए बढ़ाने, पेंशन फंड बनाने, टुरिज्म को बढ़ावा देने, स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए 1500 करोड़ का प्रावधान, पेट्रोल वैट पर एक रुपए कमी का निर्णय जैसे प्रावधान है।

– **डॉ. आशीष युसुफ,** आईटी सेल हेड

## विकास की गति का बजट



यह बजट गरीब, युवाओं, अन्नदाता और नारी शक्तियों के विकास को गति देने वाला बजट है। बजट में डिजिटल प्रौद्योगिकी का उपयोग और औद्योगिक विकास के लिए बहुत सारी घोषणाएं की गई है। राजनांदगांव में नालन्दा परिसर बनने से और प्रयास छात्रावास के विस्तार होने से शिक्षा और रोजगार क्षेत्र में बहुत वृद्धि होगी।

– **शैंकी बग्गा,** पार्षद

## बजट जनता के लिए छलावा



साय सरकार द्वारा पेश बजट 2025 जनता के लिए पूरी तरह छलावा है। इसमें आंकड़ों और शब्दों का मायाजाल है, जिसे जनता समझती है। बजट के नाम पर आंकड़ों और शब्दों का भ्रम फैलाकर जनता को गुमराह कर रही है। प्रदेश में 18 हजार मेगावाट बिजली का उत्पादन हो रहा है, यह बात बजट में जानकर जनता क्या करेगी।

– **नीरज कन्नौजे,** महामंत्री, द. ब्लॉक कांग्रेस

## छत्तीसगढ़ की प्रगति का बजट



छत्तीसगढ़ में पहली बार हस्तलिखित बजट पेश हुआ है। यह बजट छत्तीसगढ़ की प्रगति का बजट है। प्रदेश के सभी वर्गों को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाने का बजट है। यह बजट सभी वर्गों के लिए खुशहाली का बजट है। इस बजट में महिलाओं के सशक्तिकरण को प्राथमिकता दी गई है।

– **किरण वैष्णव,** सदस्य, जिपं

## सर्वांगीण विकास की गति का बजट



यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी, विकसित भारत 2047 का बजट, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का बजट व ज्ञान की गति का बजट है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी 25वां बजट पेश किया, जो इस बार जीएटीआई थीम पर है।

– **आभा तिवारी,** उपाध्यक्ष, जिला भाजपा

## बजट में राजनांदगांव को सौगात



**राजनांदगांव।** इस बजट में राजनांदगांव को कई सौगात दी गई है। जिसमें दो हजार सीटर ऑडिटोरियम, नालंदा परिसर हेतु 11 करोड़, पार्रीकला से गठुला बाईपास हेतु 21 करोड़, पेयजल हेतु अम्बागढ़ चौकी एनीकट से मोहारा एनीकट में पाईप लाइन के माध्यम से पानी लाने हेतु 150 करोड़, शिवनाथ नदी में ग्राम बांकल से भरेंगांव तक दोनों तरफ तट संरक्षण कार्य हेतु 140 करोड़, लम्ती फीडर जलाशय जिला केसीजी में नहरों का निर्माण हेतु 229 करोड़ का प्रावधान किया गया है। जिससे सुकुलदैहान क्षेत्र के सूखाग्रस्त गांव में पानी की समस्या दूर होगी।

– **अभिषेक सिंह,** पूर्व सांसद

## जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगी भाजपा सरकार



**राजनांदगांव।** विधानसभा में आज प्रस्तुत बजट पर खुशी प्रकट करते हुए विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने बजट को राजनांदगांव की जनता के लिए अविस्मरणी एवं क्षेत्र के विकास के लिए ऐतिहासिक बजट बताया है। डॉ सिंह ने कहा कि बजट में साय सरकार ने राजनांदगांव के हितों का पूरा ध्यान रखा है।

श्री सिंह ने कहा कि बजट में 2000 सीटर ऑडिटोरियम हॉल का प्रावधान किया गया है,राजनांदगांव में नालंदा परिसर हेतु 11 करोड़ का बजट में प्रावधान किया गया है। इससे सभी प्रकार के विद्यार्थियों को प्रतियोगी परीक्षाओं में तैयारी करने हेतु ई क्लास एवं लाइब्रेरी की निशुल्क सुविधा उपलब्ध होगी। पारीकला से गठला बाईपास हेतु बजट में 21 करोड़ का प्रावधान किया गया है। शिवनाथ नदी में ग्राम बाकल से भरेगांव तक दोनों तरफ तट संरक्षण कार्य हेतु 140 करोड़ का प्रावधान बजट में किया गया है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि प्रस्तुत बजट में विकास के कई कार्यक्रम के साथ साथ विकास की योजनाओं के लिए प्रावधान है,साथ ही शिक्षा के क्षेत्र में, स्वास्थ्य के क्षेत्र में, पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए, युवाओं की दृष्टि से, मात्रशक्तियों के सम्मान बढ़ाने की दृष्टि से, एवं उद्योग या लघु उद्योग के माध्यम से इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट को ध्यान रखते हुए समूचे छत्तीसगढ़ के पांचो संभाग में समुचित रूप से विकास के अनेक प्रावधान किए गए हैं, जो बजट में घोषित योजनाओं के माध्यम से परिलक्षित होती हैं।









## खबर संक्षेप

### नव-निर्वाचित सरपंच का ग्रामवासियों ने किया फूल-माला से भव्य स्वागत, ग्रामीणों में उत्साह



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत रापा-पीपरमाटी के नव-निर्वाचित सरपंच संतोष भास्कर का ग्रामवासियों नें भव्य स्वागत बाजे-गाजे, फूल-माला व पटाखे के साथ किया साथ ही साथ ग्रामीणों में भारी खुशी का माहौल बना हुआ है। नव निर्वाचित सरपंच संतोष भास्कर त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपनी विपक्षी को ग्रामवासियों के आशीर्वाद से 80 वोटो से जीत हासिल किया। ग्रामीणों ने बताया कि नव निर्वाचित सरपंच संतोष भास्कर लगातार 2010 से ग्राम पंचायत रापा-पीपरमाटी में अपनी सेवा देते आ रहे हैं, जो कि श्री भास्कर द्वारा लगातार पंचायत व उपसरपंच तथा पंच पद पर पदस्थ होकर ग्राम पंचायत रापा व पीपरमाटी के विकास कार्यो में सहभागिता निभाई। वहीं ग्रामीणों के भारी समर्थन व आशीर्वाद से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में ऐतिहासिक जीत के साथ नव निर्वाचित सरपंच पद के लिए चुना गया, जिससे ग्रामीणों में भारी उत्साह का माहौल बना हुआ है। जिस पर उन्होने मतदाताओं व ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

### राजपूत क्षत्रिय समाज रहटादह के बैठक में नए कार्यकारिणी का गठन किया



**हरिभूमि पंडरिया।** राजपूत क्षत्रिय समाज रहटादह पंडरिया उपसमिति का बैठक रविवार को नगर के महाराणा प्रताप भवन में आयोजित किया गया। जिसमें उपसमिति के नए पदाधिकारियों का चुनाव किया गया, सभी पदाधिकारियों का चयन आपसी सामंजस्य से निर्विरोध रूप से किया गया। निर्वाचन के लिए आए पर्यवेक्षक लखन सिंह, मोहन सिंह व मुकेश सिंह के उपस्थिति में उप-समिति पंडरिया अध्यक्ष पद पर प्रशांत सिंह ठाकुर को नियुक्त किया गया वहीं सचिव पद के लिए रविकांत सिंह, उपाध्यक्ष इंद्रजीत सिंह, कोषाध्यक्ष अनिरुद्ध सिंह, केंद्रीय कार्यकारिणी सदस्य सुरेंद्र सिंह, केंद्रीय निर्णायक प्रभात सिंह, उप-सचिव जोगेंद्र सिंह, कार्यकारिणी सदस्य राजेन्द्र सिंह ठाकुर, महेंद्र सिंग ठाकुर, मोहन सिंह राजपूत, संतोष सिंह, दरप सिंह ठाकुर, जुड़ावन सिंह ठाकुर, युवा मंडल अध्यक्ष प्रशांत सिंह बैस, युवा सचिव यस सिंह ठाकुर, महिला मंडल अध्यक्ष श्रीमती रोहिणी ठाकुर, महिला सचिव श्रीमती ममता ठाकुर का चयन किया गया। इस दौरान खेमसिंह ठाकुर, पप्पू सिंह ठाकुर, गोरे सिंह, छबिलाल सिंह ठाकुर, नरेंद्र सिंह ठाकुर, नरेश सिंह, दीपक सिंह सहित बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सहित ग्रामीण जन उपस्थित थे।

### साय सरकार का बजट, आम जनता की अपेक्षा व उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक: अशोक सिंह

**हरिभूमि कवर्धा।** शहर कांग्रेस अध्यक्ष अशोक सिंह ने कहा कि बजट कल्पनाओं पर आधारित नीरस बजट है। ऐसा लग रहा था वित्त मंत्री



छत्तीसगढ़ का बजट नहीं मोदी की चरण वंदना कर रहे थे। साय सरकार का बजट आम जनता के अपेक्षा और उम्मीदों के विपरीत घोर निराशाजनक रहा है, ना इसमें युवाओं के रोजगार के संदर्भ में कोई रोड मैप दिख रहा है, ना ही महंगाई से निपटने कोई ठोस रणनीति है। स्वामी आत्मानंद स्कूलों, युवाओं के बेरोजगारी भत्ता, किसानों की आय बढ़ाने के लिए बजट में कुछ नहीं है। मोदी की गारंटी में किए गए वादे 1 लाख नौकरियों के सृजन के बारे में इस वर्ष के बजट में भी कुछ नहीं है। महिलाओं के लिए 500 रूपए में सिलेंडर देने के बारे में बजट में कुछ नहीं है। पिछले बजट में 33,000 शिक्षकों की भर्ती की घोषणा किए थे एक भी भर्ती नहीं कर पाए। इस वर्ष फिर से 20,000 शिक्षकों की भर्ती की बात कर रहे है। उन्होने कहा कि इस बजट में युवाओं के रोजगार बढ़ाने, किसानों के लिए, महिलाओं के लिए कुछ नहीं है। प्रदेश की 32 प्रतिशत आबादी आदिवासी समाज के लिए बजट में कुछ नहीं है। शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य के लिए, बजट में कुछ भी नया नहीं है। मजदूरों और गरीबों की आमदनी बढ़ाने के लिए बजट में कुछ नहीं है।

### नव-निर्वाचित सरपंच एवं पंच ने की शपथ ग्रहण



**हरिभूमि कोलेगांव।** ग्राम पंचायत अमली-मालगी के त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी प्रत्याशियों का शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें नव-निर्वाचित सरपंच श्रीमती निरसिया मनहरण साहू ने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होकर शपथ ग्रहण किया गया। वहीं ग्राम पंचायत अमली-मालगी, ग्राम पंचायत कोलेगांव, ग्राम पंचायत भगतपुर, धनेली, रापा, पीपरमाटी, कोयलारी, कुआंमलगी, मोहतरा कला, कंझेटा, पेंड्री कला, निगापुर, भटरूसे के नव-निर्वाचित सरपंच व पंचों ने शपथ ग्रहण समारोह में मां सरस्वती के तैलचित्र में विधि विधान से पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। शपथ ग्रहण समारोह में नव-निर्वाचित सरपंच व पंच द्वारा शपथ लिया गया ग्राम पंचायत की विकास कार्यो व मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए पक्की नाली निर्माण, बिजली, स्वास्थ्य, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन गांव की चहुमंखी विकास को आगे बढ़ाने के लिए काम शपथ ग्रहण समारोह में ईश्वर को साक्षी मानकर ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया। इस शपथ ग्रहण समारोह में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती निरसिया मनहरण साहू, रामकुमार नेताम, चंद्रशेखर सिंहरौल, सरपंच प्रतिनिधि रज्जू साहू, ओंकार साहू, लखन सिंगरौल, रोजगार सहायक सचिव नंदकुमार साहू, सचिव विष्णु सेंडरे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

---

कलेक्टर ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण व गुणवत्ता पर दिया जोर

# बड़ौदा खुर्द जलाशय निर्माण शुरू होने से बरसों बाद किसानों का सपना हो रहा साकार

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के सहसपुर लोहारा क्षेत्र में बहुप्रतीक्षित बड़ौदा खुर्द जलाशय का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है। यह जलाशय न केवल क्षेत्र के हजारों किसानों के लिए जीवनदायिनी बनेगा, बल्कि जल संरक्षण की दिशा में भी एक बड़ी उपलब्धि साबित होगा। बहुप्रतीक्षित बड़ौदा खुर्द जलाशय निर्माण शासन प्रशासन द्वारा स्वीकृति 89.70 करोड़ रूपए की लागत से 720 मीटर तथा बांध की ऊँचाई 25 मीटर तथा जलभराव क्षमता 8.4 मिलियन क्यूबिक मीटर साथ ही साथ आसपास क्षेत्र में बांध का कुल 96.72 हेक्टेयर तथा सिंचाई क्षमता 1980 हेक्टेयर से आसपास क्षेत्र के 8 गांवों के सैकड़ों किसान लाभांवित होगें।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुरू किए गए जल शक्ति अभियान के तहत इस परियोजना को विशेष महत्व दिया गया है। वहीं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के विशेष प्रयासों और किसानों के संघर्षों ने इसे साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। बड़ौदा खुर्द जलाशय का निर्माण शुरू होने के बाद क्षेत्र के किसानों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। आसपास के ग्राम पड़कीपारा, बड़ौदा खुर्द, दैहानडीह, चंदौनी सलिहा, चिलम-खोदरा, कारेसरा, कुम्हार-दनिया व बुधवारा सहित अनेक गांवों के किसानों ने इस परियोजना के लिए वर्षों तक संघर्ष किया था। आज यह जलाशय किसानों के हौसले और सरकार के मजबूत संकल्प का जीवंत उदाहरण बन रहा है।

#### बांध निर्माण कार्य का कलेक्टर ने किया अवलोकन



कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बड़ौदा खुर्द जलाशय निर्माण कार्य का निरीक्षण किया और अधिकारियों को गुणवत्ता और समयबद्धता का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए। उन्होंने जल संसाधन विभाग के अधिकारियों, तकनीकी विशेषज्ञों और निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधियों के साथ विस्तार से चर्चा की और स्पष्ट निर्देश दिए कि कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि यह परियोजना केवल एक बांध निर्माण का कार्य नहीं, बल्कि हजारों किसानों की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करने का प्रयास है। वर्षों तक संघर्ष करने के बाद अब जब यह सपना पूरा हो रहा है, तो हमें इसकी गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करना चाहिए।

#### कलेक्टर के कड़े निर्देश, गुणवत्तापूर्ण और शीघ्र निर्माण सुनिश्चित करें

कलेक्टर श्री वर्मा ने निर्माण कार्य में गति लाने और संसाधनों को बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बांध निर्माण कार्य किसी भी स्थिति में नहीं रुकना चाहिए। सभी अधिकारी नियमित रूप से निरीक्षण करें और निर्माण कार्य की सतत मॉनिटरिंग की जाए। बांध निर्माण के लिए आवश्यक 31.39 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जा चुका है। 13 किसानों की भूमि अधिग्रहित की गई है, जिसका मुआवजा निर्धारित कर दिया गया है। कलेक्टर ने तहसीलदार को निर्देश दिया कि प्रभावित किसानों को शीघ्र मुआवजा वितरित किया जाए और भूमि अधिग्रहण की किसी भी समस्या का त्वरित समाधान किया जाए।

---



# दौजरी में श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭बरबसपुर

जिला मुख्यालय अंतर्गत ग्राम दौजरी 1 से 9 फरवरी तक संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण सप्ताहिक ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया जा रहा है। जिससे ग्राम दौजरी व आसपास के क्षेत्रवासियों में भारी भक्तियम का माहौल बना हुआ है। वहीं भक्तजनों द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत नगर भ्रमण करते हुए भव्य कलश शोभा यात्रा रैली निकाली गई। वहीं कथा व्यास आचार्य पं सुरेश शर्मा, परायणकर्ता कथावाचक पं राजू शर्मा द्वारा श्रद्धालु व भक्तजनों को श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ का कथा रसपान कराया जा रहा है। वही 1 मार्च को भव्य कलश यात्रा, वेदी-पूजा कर किया गया। वहीं श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ में कथा श्रवणपान करने भक्तजनों की भारी भीड़ उमड़ रही है। साथ ही साथ ग्राम दौजरी व आसपास के क्षेत्र में भारी भक्तिमय का माहौल बना हुआ है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कैलाश चंद्रवंशी, शत्रुहन चंद्रवंशी, प्रकाश चंद्रवंशी व ग्रामवासी गण जुटें हुए है।

---

# ईडी भाजपा के कार्यकर्ता के रूप में काम कर रही है: नवीन जायसवाल

- छत्तीसगढ़ की पुलिस भाजपा कार्यकर्ता की तरह काम कर रही।

हरिभूमि न्यूज ⏭पंडरिया

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि



भाजपा पूरी तरह से लोकतंत्र को खत्म करने पर आमादा है मिशन लोटस से भाजपा का स्पष्ट संदेश है या तो हमारे साथ जुड़ जाओ या झूठे मामले बना के खत्म कर दिए जाओगे। जिसका ताजा प्रमाण छत्तीसगढ़ पीसीसी कार्यालय में ईडी की रेड और प्रदेश अध्यक्ष की जासूसी करवाना है।

नवीन जायसवाल ने बताया कि प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैन्दू को 8 घंटे ईडी कार्यालय में बैठाकर उल जुलूल सवाल किए, जबकि सम्मन के चार बिन्दु थे उसमें जो नहीं था कि ईडी नगर निगम कब से हो गई। वह बिल्डिंग का नक्शा कब पास हुआ, ले-आऊट कहा है, छज्जा कितना निकला है, ऊंचाई कितनी है? नक्शा पास हुआ या नहीं अब ईडी भाजपा के लिए नगर निगम भी हो गई। ईडी की मंशा सिर्फ कांग्रेस पदाधिकारी को प्रताड़ित करना है। ईडी में साहस है तो वह भाजपा के 150 करोड़ रूपए की लागत से बने भाजपा कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे को बनाने का रुपया कहां से आया इसकी जांच करे? कुशाभाऊ ठाकरे परिसर फाईव स्टार होटल की तर्ज पर बनाया गया है। ब्लॉक अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस पार्टी अपने कार्यालयों के निर्माण के एक-एक रूपए का हिसाब देगी जिसमें लाखों कार्यकर्ताओं की सहयोग राशि लगी है। इसी तरह कल रायपुर में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के निवास के पास दंतेवाड़ा से सीजी 18 सीरिज की गाड़ी आती है, पिछली रात बारह बजे से लेकर कल दिनभर और फिर कल रात बारह बजे तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के निवास में जासूसी करती है।

वहां टीआई रैंक के अधिकारी, एक सब इंस्पेक्टर और सिपाही आते है, चौबिस घंटा जासूसी करते है आखिर क्यों? मतलब साफ है कि प्रदेश अध्यक्ष के घर में कौन स्थानीय निकाय चुनाव जीता हुआ जनप्रतिनिधि आ रहे हैं, जिला पंचायत के मेंबर, जनपद के सदस्य रहे हैं, उन पर निगरानी रखी जा रही है। कि जनपदों में कांग्रेस के चुने हुए जनपद सदस्य को डराओ, धमकाओं, उठाओ, बंदूक की नोक पर भाजपा का जनपद अध्यक्ष बनाओ, जिला पंचायतों में भी कांग्रेस के जीते हुए सदस्यों को बंदूक की नोक पर उठा, ले जाओ और भारतीय जनता पार्टी का अध्यक्ष बनाओ। लोकतंत्र को कुचलने के लिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार किस हद तक जा सकती है इससे बड़ा उदाहरण नहीं हो सकता।

उन्होने कहा कि भूपेश बघेल के राज में कांग्रेस ने भी पांच साल सरकार चलाई, हमारी कांग्रेस की सरकार थी, नगरीय निकाय चुनाव हमारी सरकार में पारदर्शितापूर्ण तरीके से कराए। बैलेट पेपर से कराये। कहीं कोई दिक्कत नहीं आई। बंदूक की नोक पर हम लोग डराने धमकाने का काम नहीं किए, जो यह सरकार कर रही है। जो लोकतंत्र के लिए घातक है, बंदूक की नोक पर सरकार चुनाव जीतना चाहती है जबकि लोकतंत्र में ऐसा संभव नहीं है। इन दोनों प्रकरणों पर निष्पक्षतापूर्ण जांच और कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग करते हैं और इसकी भारी निंदा करते हैं।

---

# विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को गति देने वाला प्रगति का बजट: विधायक

## जनहित व जनसुरक्षा के साथ विकास का बजट: भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सोमवार को विधानसभा में वित्त



मंत्री ओपी चौधरी ने 25वां बजट पेश किया। पिछला बजट साल 2024-25 में 1 लाख 47 हजार 446 करोड़ था, इस बार बजट में युवाओं को नौकरियां, शिक्षा, किसान कल्याण, सरकारी कर्मचारियों, अधोसंरचना निर्माण समेत महिलाओं के लिए भी कई बड़ी घोषणाएं की गई हैं। इस वर्ष का अनुमानित बजट लगभग 1 लाख 65 हजार करोड़ रुपए से अधिक का रहा जो विगत बजट से 12 प्रतिशत अधिक है। बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने कहा कि बजट 2025-26 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को गति देना वाला प्रगति का बजट है। आज जो ऐतिहासिक एवं सर्वस्पर्शी बजट मुख्यमंत्री के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने विधानसभा में प्रस्तुत किया उसके लिए मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री का आभार व्यक्त किया। विशेषकर प्रदेश की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, कृषि व किसान कल्याण, युवाओं को रोजगार व शिक्षा, शासकीय कर्मचारियों को प्रोत्साहन, अधोसंरचना विकास, जनजातीय समुदाय एवं आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के विकास के साथ ही सर्वस्पर्शी बजट से जन-जन की सुरक्षा एवं प्रदेश का विकास सुनिश्चित होगा। उन्होने कहा कि पिछले वर्ष का बजट ज्ञान, गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी पर केंद्रित था, जबकि इस वर्ष का बजट गति गुड गवर्नेंस, अधोसंरचना, टेक्नोलॉजी और इंडस्ट्रियल ग्रोथ पर केन्द्रित है, जिससे छत्तीसगढ़ विकास के नए आयाम स्थापित करेगा। पीएम के विकसित छत्तीसगढ़ के लक्ष्य को पूरा करने के लिए प्रदेश की भाजपा सरकार निरंतर कार्य कर रही है, वहीं मोदी की गारंटी में किए गए संकल्पों को भी पूरा करते हुए छत्तीसगढ़ के विकास एवं जनता की सुविधाओं के लिए पूर्ण रूप से तत्पर है। बजट में महतारी वंदन योजना के बजट में वृद्धि कर 5500 करोड़ रुपए किया जाना, आगामी 3 वर्षों में लखपति दीदी योजना के माध्यम से प्रदेश की 8 लाख महिलाओं को लखपति बनाना, 7 वर्किंग वूमन हॉस्टल, बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 5 करोड़ का प्रावधान किया गया है। ग्रामीण क्षेत्रों में माताओं और महिलाओं को समर्पित महतारी सदन का निर्माण किया जाएगा। 50 करोड़ रुपए के बजट से बनने वाले ये सदन महिलाओं को सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करेंगे।

#### जनहितैषी फैसला से सभी वर्गो को लाभ मिलेगा : बोहरा

श्रीमती बोहरा ने कहा कि बजट में पेट्रोल की कीमत में राज्य सरकार की तरफ से एक रूपए की कम किए जाने और शासकीय कर्मचारियों के महंगाई भत्ते में वृद्धि करने का जनहितैषी फैसला लिया गया, जिससे हर वर्ग को लाभ मिलेगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी युवाओं को सपनों को पंख देने के लिए नवा रायपुर अटल नगर में 50 करोड़ की लागत से नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ़ फैशन टेक्नोलॉजी की स्थापना, युवाओं की रचनात्मकता और नवाचार को सशक्त करने हेतु स्टूडेंट स्टार्टअप इनोवेशन पालिसी के लिए 5 करोड़ का प्रावधान, छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना के तहत खेल सुविधाओं का विस्तार, सुशासन के संकल्प से युवा प्रतिभाओं को मंच मिलेगा वहीं खेल प्रतिभाओं के सपनों को नई उड़ान मिलेगी। 17 और नालंदा पुस्तकालयों को मंजूरी और 25 कॉलेजों को उत्कृष्टता केंद्र के रूप में बदलने के लिए 75 करोड़ रुपए का प्रावधान इस बजट में किया गया है। कृषि एवं कृषक कल्याण के लिए इस बजट में कई महत्वपूर्ण घोषणाएं एवं बजट आवंटित किए गए हैं जैसे कृषक उन्नति योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपए, मुख्यमंत्री खाद्यान सहायता योजना के लिए 4500 करोड़ रुपए, 5 एचपी तक के कृषि पंपों को मुफ्त बिजली आपूर्ति के लिए 3500 करोड़ रुपए, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत प्रतिवर्ष 10000 रुपए की आर्थिक सहायता के लिए 600 करोड़ रुपए का प्रावधान, जल संसाधन विभाग के कुल 3,800 करोड़ रुपए के बजट में से 700 करोड़ रुपए नए सिंचाई परियोजनाओं के लिए आवंटित किए गए हैं, अटल सिंचाई योजना के तहत बहुत पुरानी सिंचाई परियोजनाओं को योजनाबद्ध तरीके से पूरा करने का लक्ष्य, तेन्दूपत्ता के लिए प्रति मानक बोरा 5,500 रुपए का भुगतान करने के लिए 200 करोड़ रुपए से अधिक का प्रावधान, तेन्दूपत्ता संग्राहकों को चरण पादुका प्रदान करने के लिए 50 करोड़ रुपए, इस बजट में किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण सिद्ध होगा।

---

### सरपंच और पंच शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए जस डॉ. आनंद



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

विकासखण्ड कवर्धा के जनपद पंचायत क्षेत्र 18 के ग्राम पंचायत मजगांव एवं अमलीडीह के नवनिर्वाचित सरपंच और पंच के शपथ ग्रहण समारोह विधिवत ग्राम पंचायत के सचिव ने सभी को शपथ दिलाई अपने जनपद क्षेत्र के शपथ समारोह में उपस्थित नव निर्वाचित जनपद सदस्य डॉ आनंद मिश्रा ने सभी नवनिर्वाचित पंच, सरपंच को बधाई शुभकामनाएं दी। उन्होने कहा कि जनपद क्षेत्र 18 के सभी ग्राम पंचायतों का समूचित विकास उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा के मार्गदर्शन में होगा गांव में आवश्यक जरूरी सभी काम जल्द होंगे, जिसके लिए हम सब को कार्ययोजना बनाकर मांग करना होगा मुझे पूर्ण विश्वास है कि हमारे उपमुख्यमंत्री एक-एक गांव गली-मोहल्ले को जानते है सब के प्रयास से काम की स्वीकृति मिलेगी देवतुल्य जनता ने जो हम पर भरोसा किया है उस भरोसे को कायम रखने हम सब मिलकर काम करेंगे और गांव के समुचित विकास कार्य करेंगे।

### खड़ौदा खुर्द के नव निर्वाचित पंच व सरपंच ने ली शपथ



**हरिभूमि कवर्धा।** विकासखण्ड कवर्धा अंतर्गत ग्राम पंचायत खड़ौदा खुर्द में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में विजयी प्रत्याशियों का सोमवार को सरपंच व पंच को प्रशासनिक अधिकारी पंचायत सचिव द्वारा शपथ दिलाई गई। जिसमें नव निर्वाचित सरपंच श्रीमती शिवरानी धनीराम चंद्रवंशी, वार्ड पंच को प्रणाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं नव निर्वाचित सरपंच व पंच द्वारा सरकार के सभी योजनाओं को आम नागरिकों तक पहुंचाने तथा पंचायत में चहुमुंखी विकास कार्यो तथा आगे ले जाने की बात कहीं। इस दौरान ग्रामीण रमेश साहू, सुभाष साहू, राजकुमार साहू, मनोज कुमार साहू, गुंजारे साहू व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन उपस्थित थें।

### अभाविप के कार्यकर्ताओं ने कक्षा 10वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को पेन वितरण किया



**हरिभूमि कवर्धा।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा लगातार सराहनीय पहल करते हुए कक्षा 10वीं व कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा परिषर मे विद्यार्थी को पेन वितरण कर शुभकामनाएं प्रेषित किया। जिस पर जिला संयोजक गजाधर वर्मा ने बताया कि कक्षा 10वीं से उत्तीर्ण होने के बाद ही विद्यार्थी अपना अलग-अलग विषयों में पढ़ाई और उसकी तैयारी करना प्रारंभ कर देते हैं, जिसका प्रमुख तैयारी यह पेपर ही सुनिश्चित करते हैं। किसी भी मानव के जीवन में सफलता का आधार शुभचिंतकों की शुभकामनाएं होती हैं क्योंकि इन्हीं प्रेरक संदेशों की सहायता से किसी भी व्यक्ति का ढाढस बांधा जा सकता है। उन्होने विद्यार्थियों को परीक्षा में अच्छे अंकों प्राप्त कर उत्तीर्ण के लिए बधाई दी गई। इस दौरान परमेश्वर साहू, उदय, अंजली, चेतना, अशोक, दिपक, गोपाल, दिपेश, युवराज व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ता गण उपस्थित थें।

पाठक सूचना
कवर्धा जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425554555, 8889139071

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**प्रावधान: जिले में नशा के रोकथाम करने बनेगी एन्टी नारकोटिक टास्क फोर्स**

# बजट में कबीरधाम जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने कई प्रावधान

*छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने सोमवार को वर्ष 2025-26 के लिए अपना बजट पेश किया। भाजपा सरकार जहां इस बजट को ऐतिहासिक मान रही है और इसे छत्तीसगढ़ तथा छत्तीसगढ़वासियों के सुनहरे भविष्य का बजट बता रही है वहीं विपक्षी दल कांग्रेस इसकी खुलकर आलोचना कर रही है।*



### मील का पत्थर साबित होगा यह बजट- संतोष



अटल निर्माण वर्ष पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट की सांसद संतोष पान्डेय ने प्रसंशा करते हुए कहा कि यह बजट वर्ष 2047 तक विकसित भारत के निर्माण की सोच के साथ कदम से कदम मिलाते हुए विकसित छत्तीसगढ़ को गति प्रदान करने है। बजट मे हर वर्ग का ध्यान रखते हुए समावेशी बजट प्रस्तुत किया गया है। अपने दृढ संकल्पो को पूरा करते हुए सरकार ने 18 लाख आवास को स्वीकृति प्रदान कर 8500 करोंड़ का प्रावधान किया है। साथ ही नगर पंचायत व पालिकाओं मे रिंग रोड निर्माण हेतु 100 करोड़ का प्रावधान किया है। सांसद संतोष पान्डेय ने बताया कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में कबीरधाम जिला को बड़ी सौगात मिली है। कवर्धा में 220 बिस्तर वाला आधुनिक अस्पताल, राजानवागांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थापना, तरेगांव जंगल व पिपरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, कोदवागोड़ान में उपस्वास्थ्य केंद्र भवन निर्माण के लिए बजट मे स्वीकृति प्रदान करना उत्साह जनक है। वहीं मत्स्यिकी महाविद्यालय में विभिन्न निर्माण कार्यों के लिए 10 करोड़ रुपए स्वीकृत किया गया है।

### स्वर्णिम अक्षरों से लिखा जायेगा छत्तीसगढ़ बजटः चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी



छत्तीसगढ़ प्रदेश का यह बजट खुशहाल प्रदेश बनाने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा। आज बजट प्रस्तुत हुआ है छत्तीसगढ़ मंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट इतिहास के पन्नों मे स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जावेगा। छत्तीसगढ़ का यह बजट आने वाले समय में छत्तीसगढ़ को रोजगार की दिशा पर आगे बढ़ने वाला बजट है,यह बजट छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधा को आगे ले जाने वाला बजट है, यह बजट छत्तीसगढ़ को सुरक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण होने वाला बजट है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में मोदी की गांरटी में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने छत्तीसगढ़ में पहली बार हस्तलिखित बजट में कबीरधाम जिले के विकास के लिए बड़ी सौगात दी है। जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करते हुए सामुदायिक, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र और सब हेल्थ सेंटर के लिए भवन का निर्माण सहित नशा के रोकथाम करने एन्टी नारकोटिक टास्क फोर्स के लिए बजट में प्रावधान किया गया है। बजट प्रावधानों के तहत नगर पंचायत पिपरिया में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र और कोदवागोड़ान में सब हेल्थ सेंटर के लिए भवन निर्माण का प्रावधान, राजानवागांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की स्थापना, तरेंगांव जंगल में सीएससी का उन्नयन कार्य के लिए स्वीकृति दी गई है। इसके साथ ही मत्स्यिकी महाविद्यालय में विभिन्न निर्माण कार्यो के लिए 10 करोड़ का प्रावधान दिया गया है। कबीरधाम जिलेवासियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, वित्तमंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार जताया है। यह बजट प्रावधान जिले के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। विशेष रूप से स्वास्थ्य के क्षेत्र में किए गए सुधार और विकास कार्यों से जिले के दूरदराज क्षेत्रों के लोगों को भी समय पर और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों के निर्माण से उन क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा की उपलब्धता बढ़ेगी जहां पहले चिकित्सा सुविधाओं का अभाव था। इसके साथ ही, नशे के खतरे को देखते हुए 'एन्टी नारकोटिक टास्क फोर्स का गठन जिले में नशे के बढ़ते प्रभाव को रोकने में सहायक होगा। इस पहल से जहां युवाओं को नशे से मुक्ति मिलेगी, वहीं समाज में सकारात्मक बदलाव भी देखने को मिलेगा। मतस्यिकी महाविद्यालय के लिए दिए गए 10 करोड़ रुपए के बजट से जिले में शिक्षा के स्तर में भी वृद्धि होगी। महाविद्यालय में निर्माण कार्यों से विद्यार्थियों को बेहतर अध्ययन सुविधाएं मिलेंगी और इसे एक प्रमुख शैक्षिक संस्थान बनाने में मदद मिलेगी। कबीरधाम जिले के नागरिकों ने इन योजनाओं का स्वागत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और वित्त मंत्री ओपी चौधरी के इस कदम से जिले का समग्र विकास होगा और लोगों की जीवनशैली में सुधार आएगा। इस बजट के माध्यम से राज्य सरकार जनहित में ठोस और प्रभावी कदम उठा रही है, जो आने वाले समय में कबीरधाम जिले के सामाजिक और आर्थिक उन्नयन में सहायक सिद्ध होगा। जिलेवासियों का कहना है कि यह बजट जिले के हर नागरिक के जीवन को बेहतर बनाने के लिए सही दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। राज्य सरकार द्वारा किए गए इन ऐतिहासिक प्रावधानों से कबीरधाम जिले का समग्र विकास होगा, जो भविष्य में जिले को छत्तीसगढ़ के सबसे विकसित और प्रगतिशील जिलों में शुमार करेगा। इसके साथ ही, यह योजना मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की विकास की दृष्टि और सरकार की जनता के प्रति प्रतिबद्धता को और स्पष्ट करती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने हस्तलिखित बजट में प्रदेश सहित कबीरधाम जिले के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, राजस्व, वनांचल सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए बड़ी सौगात दी है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा व पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री श्री साय से आम नागरिकों की सुविधा और जिले के समुचित विकास को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्यों की स्वीकृति के लिए अनुरोध किया था। आज प्रस्तुत किए गए बजट में इसका प्रावधान किया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज सर्वजनों के लिए हस्तलिखित बजट प्रस्तुत किया है।

### बजट बेहद निराशाजनक



ब्लाक कांग्रेस कमेटी पंडरिया के अध्यक्ष नवीन जायसवाल ने कहा कि यह बजट बेहद निराशाजनक है। इसमें न युवाओं के लिए न किसानों के लिए कोई प्रावधान है न तो बेरोजगारों के लिए कोई योजना है और न ही महंगाई कम करने के लिए कोई योजना है । 500 रुपए में सिलेंडर देने की गारंटी दी गई थी उसका भी इस बजट में कही अता पता नही है । अगर बजट के पहले कोई चीज सस्ती हुई है वो शराब है।

### बजट मंहगाई से नहीं दे रहा राहत



भाजपा सरकार के वित्तमंत्री द्वारा सोमवार को छत्तीसगढ़ विधानसभा में पेश किए गए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कवर्धा कृषि उपज मण्डी के पूर्व उपाध्यक्ष चोवाराम साहू ने कहा कि भाजपा सरकार का यह बेहद निराशाजनक बजट है। इसमें न तो युवाओं के लिए कोई प्रावधान है और न ही किसानों के लिए कोई प्रावधान है। इसी प्रकार लगातार बढ़ रही मंहगाई से लोगों को राहत दिलाने भी कोई प्रावधान नहीं किए गए है। पेट्रोल के दामो में एक रूपए वेट कम कर सरकार ने लोगों के जले पर नमक छिड़कने का कार्य किया है। भाजपा ने अपने चुनावी घोषणा पत्र में 500 रुपए में सिलेंडर देने की गारंटी दी थी जिस पर बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। उल्टा शराब को सस्ता कर प्रदेश में शराबखोरी को बढ़ाने का काम किया है।

### बजट में जिले की भारी उपेक्षा



कांग्रेस नेता रवि चन्द्रवंशी ने प्रदेश सरकार के बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पूरे छत्तीसगढ़ के इतिहास में सबसे निम्न स्तर का बजट आज भाजपा सरकार द्वारा पेश किया गया है। जिसमें हमारे कवर्धा जिले सहित पंडरिया ब्लॉक के विकास के लिए कुछ भी नहीं दिया गया है। इस बजट में मुख्य रूप से बड़े कारोबारी, उद्योग पतियों का ख्याल रखा गया है। आम लोगों से जुड़ी समस्याओं के समाधान और उन्हें राहत देने बजट में कुछ नहीं है।

### बजट में सभी वर्गों के लिए प्रावधान



प्रदेश अध्यक्ष विश्वगुरु शंकराचार्य दशनाम गोस्वामी समाज छत्तीसगढ़ महंत श्रवण गिरी गोस्वामी ने कहा कि यह बजट अटल निर्माण वर्ष का युवा वर्ग, महिला वर्ग, किसानों की हित, कर्मचारियों के हित, व्यापारियों, उद्यमियों एवं विकसित छत्तीसगढ़ राज्य का बजट है। जिसमें सभी वर्गों के उत्थान का ख्याल रखा गया है। कबीरधाम जिले को भी बजट में स्थान दिया गया है और ग्रामीण स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए बजट में प्रावधान किया गया है।

### तीन प्रतिशत डीए वृद्धि का स्वागत



राज्य सरकार के बजट में सरकारी कर्मचारियों के मँहगाई भत्ते में तीन फीसदी की वृद्धि का छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने स्वागत करते हुए मोदी की गारंटी के अनुरूप नहीं होने से अपर्याप्त करार दिया है। एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने कहा कि विगत विधानसभा चुनाव के पहले प्रस्तुत मोदी की गारंटी में प्रदेश के कर्मचारियों को केंद्र के समान देय तिथि से मंहगाई भत्ता देने का वादा किया गया था, लेकिन तीन फीसदी मंहगाई भत्ते को जुलाई-2024 के बजाय मार्च-2025 से देने की घोषणा किया गया है, जो केंद्र के समान देय तिथि से नहीं है। इसके साथ ही प्रदेश के शिक्षक एलबी संवर्ग की पूर्व सेवा गणना कर पूर्ण पुरानी पेंशन एवं क्रमोन्नति-समयमान वेतनमान पर भी निर्णय नहीं लिया गया है।

---

## खबर संक्षेप



### सरपंच व पंचों ने ली पद गोपनीयता की शपथ

**बिजई।** ग्राम पंचायत भवन बिजई में आयोजित एक सादे समारोह में ग्राम पंचायत बिजई के नव निर्वाचित सरपंच सहित पंचों ने पर एवं गोपनीयत की शपथ ली। नवनिर्वाचित सरपंच देवकी मोहल्ले एवं 11 पंच किरण बंजारे, शिलाबाई कुर्रे, उमा बंजारे, अनीता डहरिया, भारती कुमारी धुर्वे, बृहस्पति बाई निर्मलकर, रविदास आनंद, अनंत कुमार मोहल्ले, गोविंदा सोनवानी, रामचंद्र धोबी, हेम कुमार जांगड़े को सोमवार दोपहर 1.00 बजे ग्राम पंचायत भवन बिजई में सरपंच व पंच पद की शपथ अनुवुभागिय अधिकारी, सचिव राजेंद्र परिहार द्वारा शपथ दिलाई गई।

### सिंचाई कार्य के लिए 3.36 करोड़ की स्वीकृति

**कवर्धा।** शासन ने सिंचाई योजना कार्य के लिए 3 करोड़ 36 लाख रुपए की स्वीकृति दी है। इन योजना में कबीरधाम जिले के पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत कोदवा किलकिला व्यपवर्तन योजना के सुदृढ़ीकरण कार्य के लिए 3 करोड़ 36 लाख 22 हजार रुपए शामिल है। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन से सिंचाई योजना कार्य कराने मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार जल संसाधन विभाग रायपुर को प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। जल्द ही इसका निर्माण कार्य होगा। इस कार्य के होने से किसानों को सुविधा मिलेगी।

### परीक्षा के लिए आवेदन 31 मार्च तक

**कवर्धा।** राष्ट्रीय भारतीय सैन्य कॉलेज देहरादून में प्रवेश के लिए परीक्षा का शेड्यूल जारी किया गया है। इस कॉलेज में जनवरी 2026 सत्र के लिए 8वीं कक्षा में प्रवेश के लिए लिखित परीक्षा एक जून 2025 को होगी। परीक्षा के लिए पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र के साथ इच्छुक विद्यार्थी आवेदन 31 मार्च तक कर सकते हैं।

---

# नहीं सुनाई दे रही नगाड़ों की थाप फागुन के त्यौहार का उत्साह फीका

## बाजार में भी नहीं दिख रही त्यौहार की रौनक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

रंगों के त्यौहार होली को अब ज्यादा दिन नहीं रह गए हैं। हिन्दु पंचांग के मुताबिक इस वर्ष होलिका दहन 13 मार्च को किया जायेगा और धुड़ेहरी 14 मार्च को मनाई जायेगी।

देखा जाए तो अब होली को ऊंगलियों में गिने जाने लायक मात्र 10 दिनो का समय ही शेष रह गया है। लेकिन अभी तक नगर सहित अंचल में फागुन के रंग देखने को नहीं मिल रहे हैं। न तो कहीं से कानो में नगाड़ों की थाप सुनाई दे रही है और न ही नगर में रंग, गुलाल, पिचकारी की दुकाने ही सजी नजर आ रही है। हालांकि इन सब के बीच उत्साही बच्चों ने जरूर अपने-अपने मुहल्लों लकड़ी, झाड़ी, टायर आदि का ढेर लगाकर होली की तैयारी शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि होली का पर्व हर्षोल्लास व मौज मस्ती का पर्व है। यही वजह है कि कुछ वर्षो तक होली के पारम्परिक त्यौहार में नंगाड़ों की थाप व फाग की तान वातावरण में गूंजती थी। परंतु पिछले कुछ वर्षो से लगातार बढ़ रही सीडी, डीव्हीडी की चकाचौंध ने सब कुछ बदल दिया है।

जिसके चलते होली पर्व पर हर साल आसपास के ग्रामीण अंचलों व दूसरे शहरों से नंगाड़ा बेंचने कवर्धा पहुंचने वाले दुकानदारों का धंधा मंदा पड़ गया है। यही वजह है कि इस बार अभी तक नगाड़ा बेंचने वाले कवर्धा के बाजार पहुंचे ही नहीं है। अब लोग फाग नहीं गाते जिसके कारण नगाड़े की मांग कम हो गई है। जिन्हें फाग का आनंद लेना होता है वे घरों में ही सीडी, डीव्हीडी में फाग का आनंद ले लेते है। ऐसे में परंपरिक होली पूरी तरह गायब होते जा रही है।

### परीक्षा में व्यस्त स्कूली बच्चे

यहां बताना लाजिमी होगी कि इन दिनो कक्षा दसवीं एवं बारहवी की बोर्ड परीक्षा चल रही है। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल की समय सारणी के मुताबिक कक्षा 12 वीं की परीक्षा 1 मार्च से प्रारंभ होकर 28 मार्च को समाप्त होगी और कक्षा 10 बोर्ड की परीक्षा 3 मार्च से प्रारंभ होकर 25 मार्च तक चलेंगी। इसके अलावा सीबीएसई तथा अन्य निजी स्कूलों में लोकल कक्षाओं की परिक्षाएं आयोजित की जा रही है। यही वजह है कि बच्चे होली के उत्साह से फिलहाल दूरी बनाए हुए हैं। माना जा रहा है होली के और करीब आने पर बच्चे जरूर होली के रंग में सराबोर आ सकते हैं।

---

# एकलव्य विद्यालय प्रवेश परीक्षा सफलतापूर्वक संपन्न

- कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए 333 परीक्षार्थी हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में कक्षा 6 वीं में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। यह परीक्षा स्वामी करपात्री जी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 2 मार्च 2025 को प्रातः 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक संपन्न हुई। कुल 388 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया था, जिनमें से 333 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा का संपूर्ण आयोजन शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। परीक्षा के सफल संचालन के लिए कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। परीक्षा केंद्र पर परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं। परीक्षा की नोडल अधिकारी अपर कलेक्टर, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, प्रेक्षक नायब तहसीलदार, केंद्राध्यक्ष प्राचार्य एवं ईएमआरएस के प्राचार्य की उपस्थिति में निगरानी की गई। अधिकारियों ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण कर समस्त व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परीक्षा के सुचारू संचालन को सुनिश्चित किया। परीक्षा समाप्त होने के पश्चात प्रेक्षक द्वारा ओएमआर शीट को विधिवत सीलबंद कर थाना में जमा कराया गया, ताकि परीक्षा की पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही, निर्देश दिए गए कि यह ओएमआर शीट निर्धारित तिथि पर उच्च कार्यालय में प्रस्तुत की जाए। उल्लेखनीय है कि एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय में प्रवेश के लिए आयोजित यह परीक्षा आदिवासी विद्यार्थियों के लिए एक सुनहरा अवसर प्रदान करती है। इस परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्रावास सुविधा और समग्र विकास के अवसर प्राप्त होते हैं। प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि चयन प्रक्रिया पूरी तरह से पारदर्शी और निष्पक्ष हो, जिससे मेधावी विद्यार्थियों को आगे बढने का अवसर मिले। इस परीक्षा के सफल आयोजन से विद्यार्थियों में उत्साह देखा गया।



### सरपंच व पंचों से मिली विधायक भावना



**रणवीरपुर।** विधायक कार्यालय, रणवीरपुर में सोमवार को विधायक भावना बोहरा ने त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में नवनिर्वाचित विभिन्न ग्रामों के सरपंच, पंचगण एवं जनपद सदस्यों से सौजन्य भेंट हुई और उन्हें जीत की बधाई दी। इस दौरान विधायक भावना बोहरा ने उनसे क्षेत्र से जुड़े विभिन्न प्रमुख विषयों पर चर्चा की और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व छत्तीसगढ़ राज्य के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के लक्ष्य को सार्थक करते हुए अपने-अपने गांव एवं क्षेत्र के विकास हेतु जनता द्वारा मिले दायित्वों को पूरा करने की बात कहकर सफल कार्यकाल के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दी।

---

**डिप्टी सीएम शर्मा ने प्रदेश सरकार के बजट पर दी अपनी प्रतिक्रिया**

# समावेशी विकास को गति देने वाला बजटः उपमुख्यमंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज प्रस्तुत छत्तीसगढ़ बजट 2025-26 को प्रदेश के विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 'अटल निर्माण वर्ष' के अनुरूप प्रदेश को एक नए विकास पथ पर ले जाने वाला है। उन्होंने जोर देकर कहा कि GYAN (गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी) के विकास के लक्ष्य को GATI (गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर, टेक्नोलॉजी, इंडस्ट्रियल ग्रोथ) के माध्यम से आगे बढ़ाने की योजना इस बजट में स्पष्ट रूप से झलकती है। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने कहा कि इस बार बजट में छत्तीसगढ़ की आर्थिक संरचना को मजबूत करने के लिए बड़े प्रावधान किए गए हैं। जिससे बुनियादी ढांचे और विकास योजनाओं को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि गृह एवं जेल विभाग को और अधिक सशक्त बनाने के लिए सरकार ने ठोस कदम उठाए हैं। इस वर्ष पांच नए साइबर पुलिस थानों की स्थापना बलौदा बाजार, धमतरी, महासमुंद, जांजगीर-चांपा और जशपुर में की जाएगी। साथ ही महिलाओं की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए कोरबा, जांजगीर-चांपा और सूरजपुर में तीन नए महिला पुलिस थाने खोले जाएंगे। कानून-व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए नवा रायपुर में एकीकृत कमांड एवं नियंत्रण केंद्र के उन्नयन के लिए ₹40 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। पुलिस थानों को आधुनिक बनाने और सशक्त करने के लिए 70 करोड़ करोड़ का प्रावधान किया गया है, जबकि नए अग्निशमन केंद्रों की स्थापना के लिए 44 करोड़ का बजट रखा गया है। पंचायत एवं ग्रामीण विकास के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए 8,500 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया गया है, जिससे हजारों परिवारों को आवास की सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों के निर्माण और मरम्मत के लिए विशेष बजटीय प्रावधान किए गए हैं, जिससे गांवों को शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी मिल सकेगी। उपमुख्यमंत्री श्री शर्मा ने बताया कि तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार के क्षेत्र में इस बजट में बड़े कदम उठाए गए हैं। 24 सरकारी पॉलीटेक्निक कॉलेजों और आईटीआई संस्थानों का उन्नयन किया जाएगा, जिससे तकनीकी शिक्षा को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय के अधोसंरचना विकास के लिए 25 करोड़ का बजट प्रावधान किया गया है। विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राज्य सरकार डिजिटल तकनीकों के व्यापक उपयोग पर ध्यान केंद्रित कर रही है। अपराध और आपराधिक ट्रैकिंग नेटवर्क प्रणाली के संचालन और रखरखाव के लिए 25 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा कि इस बजट में सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा है। किसानों, युवाओं, महिलाओं और सभी वर्गों के कल्याण के लिए बड़े वित्तीय प्रावधान किए गए हैं। सरकार की यह प्रतिबद्धता है कि छत्तीसगढ़ को आत्मनिर्भर और समृद्ध राज्य बनाया जाए, और इस बजट के माध्यम से इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं।



---

# हिंदी प्रश्नपत्र के साथ दसवीं बोर्ड परीक्षा का शुभारंभ



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित हाई स्कूल प्रमाण पत्र परीक्षा 2025 का प्रथम दिवस कक्षा दसवीं बोर्ड के परीक्षार्थियों के लिए हिन्दी विषय का परीक्षा शांतिपूर्वक सम्पन्न हुआ। परीक्षा के पहले दिन कवर्धा विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा गठित उड़नदस्ता दल क्रमांक-02 द्वारा किया गया। निरीक्षण दल का नेतृत्व सहायक संचालक यूआर चंद्राकर ने किया, जिसमें दल के सदस्य नकुल पनागर (डीएमसी), सतीश यदु एमआईएस प्रशासक तथा व्याख्याता भगवती हठीले शामिल थे। निरीक्षण के दौरान, कक्षा दसवीं के परीक्षा केंद्रों सेजेस कहचरी पारा कवर्धा, सेजेस दुर्गावती चौक कवर्धा, शासकीय हाई स्कूल अमलीडीह, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय राजानवांगाव और शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खैरबनाकला का औचक निरीक्षण किया गया। परीक्षा केंद्रों में निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं सुचारू रूप से और शांतिपूर्वक संचालित पाई गईं। परीक्षा केंद्रों में स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश, प्रसाधन, और पर्याप्त फर्नीचर की उपलब्धता सुनिश्चित की गई थी। निरीक्षण दल ने यह पाया कि परीक्षा केंद्रों में अनुचित साधनों का प्रयोग का कोई मामला सामने नहीं आया। उन्होंने ग्लूकोज और प्राथमिक उपचार सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सुझाव दिया। इसके अलावा, बोर्ड द्वारा निर्धारित सभी प्रपत्रों और पंजियों का समुचित संधारण किया जा रहा था।